आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14675

जोधपुर, जयपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 22 : अंक 280 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com

जोधपुर, गुरूवार, 02 जुलाई, 2026

www.Lokvarta.net

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज देवमाली आएंगे

**ब्यावर, (हुक्मनामा समाचार)।** ब्यावर जिले के मसुदा उपखंड के निकट देवमाली में आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आएंगे। इसे लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। बुधवार को मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर कमल राम मीणा, जिला पुलिस अधीक्षक, जिला परिषद अजमेर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. गोपाल लाल मीणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता, मंच निर्माण और बैठक व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### पूर्व विधायक ने चुनाव आयोग-सरकार को भेजा लीगल नोटिस

**हाईकोर्ट ने 31 जुलाई तक चुनाव के दिए थे निर्देश**

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश में पंचायत और निकाय चुनाव का मामला एक बार फिर हाईकोर्ट पहुंच सकता हैं। पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने 31 जुलाई तक पंचायत-निकाय चुनाव कराने के अदालती आदेश की पालना में चुनाव की प्रक्रिया शुरू नहीं करने पर राज्य चुनाव आयोग और राज्य सरकार को लीगल नोटिस भेजा है।

नोटिस में कहा गया है कि हाईकोर्ट पंचायत-निकाय चुनाव के लिए स्पष्ट निर्देश दे चुका है। कोर्ट यह भी स्पष्ट रूप से कह चुका कि 20 जून तक परिसीमन व मतदाता सूचियों के संबंध में प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। लेकिन इसके बावजूद आयोग और सरकार ने अभी तक चुनाव कराने की तैयारी नहीं की है। पूर्व विधायक ने बुधवार को राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह, आयोग सचिव राजेश वर्मा, पंचायती राज सचिव जोगाराम व स्थानीय निकाय निदेशक जुइकर प्रतीक चंद्रशेखर को लीगल नोटिस भेजा हैं।

### तमिलनाडु में विजय सरकार गिराने की साजिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम के विधायकों को 35 करोड़ रुपए का लालच देकर राज्य सरकार को गिराने की कथित साजिश का दावा किया गया है। राज्य के खुफिया विभाग ने कहा है कि इस योजना को समय रहते नाकाम कर दिया गया।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, साजिश के तहत टीवीके के 15 विधायकों से एक साथ इस्तीफा दिलाकर सरकार को संकट में डालने की तैयारी थी। इसी बीच ऊथंगुरै से अङ्क्य विधायक डॉ. एन. इलैयाराजा ने आरोप लगाया कि उन्हें स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव में वोट देने के बदले 35 करोड़ रुपए की रिश्वत की पेशकश की गई।

शिकायत के बाद पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने जांच शुरू की और चेन्नई की एक कंसल्टेंसी फर्म से जुड़े तीन लोगों (तिरुनावुक्करासु, नरेष और त्यागराजन) को गिरफ्तार किया। जांच में उनके ष्ठरूय विधायक सेंथिल बालाजी से संबंध होने की जानकारी मिली है।

**35 करोड़ की पेशकश की गई थी: विधायक :** 29 जून को विधायक इलैयाराजा ने चेन्नई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि थिरुनावुक्करासु नाम के व्यक्ति ने खुद को एक सर्वे एजेंसी का प्रमुख बताकर उनसे फोन पर संपर्क किया।

# बस-ट्रेलर भिड़े, 8 की मौत, 28 घायल

## किसी ने पत्नी तो किसी ने पति को खोया, आग की लपटों के बीच मची चीख पुकार, हाई लेवल कमेटी करेगी जांच











**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** देश की सबसे आधुनिक और हाई-स्पीड सड़कों में शुमार दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का दौसा से गुजरने वाला हिस्सा एक बार फिर भीषण हादसे का गवाह बना। बुधवार तड़के कोलवा थाना क्षेत्र में वीडियो कोच बस और ट्रेलर की टक्कर के बाद लगी भीषण आग ने आठ लोगों की जिंदगी छीन ली, जबकि 28 यात्री घायल हो गए। इस हादसे ने एक बार फिर एक्सप्रेसवे की सुरक्षा व्यवस्था और हादसों की रोकथाम पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दौसा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर लगातार हो रहे हादसों के चलते अब स्थानीय लोगों के बीच इसे 'मौत का एक्सप्रेसवे' कहा जाने लगा है। तेज रफ्तार, भारी वाहनों की आवाजाही और बार-बार सामने आ रही दुर्घटनाओं ने इस हाईवे को सुरक्षित यात्रा की बजाय खौफ का पर्याय बना दिया है। बुधवार का हादसा भी इसी कड़ी की सबसे दर्दनाक घटनाओं में शामिल हो गया, जिसने आठ परिवारों के चिराग हमेशा के लिए बुझा दिए। लेकिन इतना तय है कि यह दुर्घटना फिर यह सवाल छोड़ गई है कि आखिर आधुनिक एक्सप्रेसवे पर लगातार हो रही जानलेवा दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश कब लगेगा। हर हादसे के बाद जांच और दावे तो होते हैं, लेकिन मौतों का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा। यदि समय रहते ठोस और प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो यह एक्सप्रेसवे लोगों के लिए सुविधा से ज्यादा भय का प्रतीक बनता जाएगा।

दौसा जिले से गुजर रहे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बुधवार तड़के करीब 2:30 से 3 बजे के बीच कोलवा थाना क्षेत्र में धनावड़ रेस्ट एरिया के समीप पिलर संख्या-169 के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। ऋषिकेश-हरिद्वार से इंदौर जा रही एक वीडियो कोच बस को ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे से नीचे उतर गए और कुछ ही देर में उनमें आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 28 यात्री घायल हो गए। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय अधिकांश यात्री गहरी नींद में सो रहे थे। टक्कर के बाद बस के पिछले हिस्से में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते पूरी बस और ट्रेलर को अपनी चपेट में ले लिया। बस में सवार कई यात्रियों ने शीशे और इमरजेंसी गेट तोड़कर किसी तरह अपनी जान बचाई, जबकि अंदर फंसे छह यात्री आग की लपटों में झुलस गए। शव इस कदर जल गए कि उनकी पहचान तक संभव नहीं हो सकी। प्रशासन अब डीएनए जांच एवं अन्य वैज्ञानिक तकनीकों की मदद से मृतकों की पहचान कराएगा। हादसे की सूचना मिलते ही कोलवा, बांदीकुई और सिकंदरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल की कई गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस, प्रशासन और स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस के जरिए दौसा जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि अधिकांश यात्री मध्यप्रदेश के निवासी हैं, जो हरिद्वार और ऋषिकेश से दर्शन कर लौट रहे थे।एक साथ बड़ी संख्या में घायलों और मृतकों के पहुंचने पर दौसा जिला अस्पताल में आपातकालीन व्यवस्था लागू की गई। चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को तत्काल अस्पताल बुलाया गया और सभी घायलों का प्राथमिकता के आधार पर उपचार शुरू कराया गया।

### कलेक्टर ने बनाई जांच टीम

जिला कलेक्टर सौम्या झा ने हादसे की जांच के लिए 8 सदस्यीय टीम बनाई है। टीम को जल्द से जल्द जांच कर रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए गए हैं।

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने दौसा में दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेस पर हुए भीषण सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि दौसा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुई सड़क दुर्घटना में जनहानि का समाचार पीड़ादायक है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। घटना की सूचना मिलते ही दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा, दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा, बांदीकुई विधायक भागचंद टांकड़ा , महुवा विधायक राजेंद्र मीणा, जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अरविंद शर्मा, उपखंड अधिकारी संजू मीणा, तहसीलदार गजानंद मीणा तथा कोतवाली थाना प्रभारी भगवान सहाय शर्मा जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना।

**29वां राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन : डिजिटल ने शासन को बनाया प्रभावी, पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक-केंद्रित**

# प्रदेश संपर्क जन-अभियोग निवारण का प्रभावी मंच : भजनलाल शर्मा

**मुख्यमंत्री ने राजस्थान लैंग्वेज मॉडल ट्रेनिंग हैकाथॉन, स्मार्ट राजस्थान, राजस्थान इनोवेशन चैलेंज और ई-मित्र व्हाट्सएप सेवा का किया शुभारंभ**

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि तकनीक केवल सुविधा का साधन न होकर सामाजिक समावेशन एवं जनकल्याण का प्रमुख माध्यम बने। डिजिटल शासन का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी नागरिक विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डीबीटी के माध्यम से हर योजना का लाभ सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंचाया है। जन-धन, आधार और मोबाइल के जरिये बिचौलियों का दखल खत्म किया और डिजिटल इंडिया जैसी पहल कर तकनीक को आर्थिक विकास का साधन बनाया।

मुख्यमंत्री बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में दो दिवसीय 29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा है कि ई-गवर्नेंस को आसान, प्रभावी और किफायती बनाया जाए। इसी क्रम मेंयूपीआई आज लेनदेन का आसान जरिया बन चुका है। शासन को अधिक प्रभावी, पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक-केंद्रित बनाने में एआई, डेटा विश्लेषण, डिजिटल ढांचा और साइबर सुरक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में तकनीक को जनकल्याण का प्रभावी माध्यम बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। राजस्थान संपर्क जन-अभियोग निवारण का प्रभावी मंच बन चुका है। इस प्लेटफॉर्म से हर महीने ढाई से तीन लाख शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण हो रहा है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं राजस्थान संपर्क पर शिकायतों का निवारण करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार ने राजस्थान एआई-एमएल पॉलिसी 2026 लागू की है। इसके जरिए एआई के उपयोग से प्रशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक कार्यों का आधार तैयार हुआ है। वहीं, एवीजीसी एंड एक्सआर पॉलिसी लागू कर एनिमेशन, गेमिंग, विजुअल इफेक्ट्स और डिजिटल तकनीकों में युवाओं के लिए नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने एआई एवं क्वांटम कम्प्यूटिंग मिशन की भी शुरूआत की है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान देश के अग्रणी स्टार्टअप राज्यों में तेजी से उभर रहा है। पिछले दो वर्षों में यहां स्टार्टअप्स की संख्या 4 हजार से बढ़कर साढ़े आठ हजार से अधिक हो गई है। वहीं, निवेश 250 करोड़ रुपये से बढ़कर एक हजार करोड़ रुपये और रोजगार सृजन का आंकड़ा 22 हजार से बढ़कर 47 हजार से अधिक हो गया है।





**मोदी के नेतृत्व में 2014 से जेम ट्रिनिटी को शुरू किया**

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि गवर्नेंस, ई-गवर्नेंस और एआई इन गवर्नेंस से हम सभी को तेज सेवा, ज्यादा सेवा और सबसे बेहतर सेवा जैसी तीन प्रमुख सर्विसेज मिलती हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2014 से जेम ट्रिनिटी को शुरू किया गया। आज विश्व में सबसे ज्यादा कैशलेस ट्रांजेक्शन यूपीआई के माध्यम से हमारे देश में हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी व्यवस्था बनानी है, जिसमें सरकार आमजन तक उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए तेजी से पहुंचे। डेटा और एआई की मदद से ये लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। राज्य सरकार पारदर्शिता से आमजन को सशक्त बनाने और त्वरित सेवाओं के लिए प्रदेश में तकनीक को अपनाकर निरंतर बढ़ावा दे रही है।

इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, सचिव इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी एस. कृष्णन, सचिव प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत निवेदिता शुक्ला वर्मा, शासन सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग रवि कुमार सुरपुर, विभिन्न राज्यों एवं विभागों के उच्चाधिकारी सहित तकनीकी क्षेत्र से जुड़े उद्यमी, विशेषज्ञ, स्टार्टअप्स प्रोफेशनल्स एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।


### 30 दिन जेल में रहे तो पीएम-सीएम की कुर्सी जाएगी

**संसदीय समिति प्रावधान हटाने के पक्ष में नहीं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर कोई प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री या राज्य मंत्री किसी गंभीर अपराध के मामले में गिरफ्तार होने के बाद लगातार 30 दिन तक न्यायिक हिरासत में रहता है, तो उन्हें पद छोड़ना पड़ सकता है। इससे जुड़े बिलों को सरकार मानसून सत्र में दोबारा पेश कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक 130वें संविधान संशोधन बिल पर बनी संसद की संयुक्त संसदीय समिति इससे जुड़े प्रावधानों को हटाने के पक्ष में नहीं है। समिति 17 जुलाई को अपनी रिपोर्ट को मंजूरी दे सकती है। गृहमंत्री अमित शाह ने इससे जुड़े 3 बिलों को पिछले मानसून सत्र में संसद के दोनों सदनों में रखा था, जिसके बाद इसे इन्हें जेपीसी को भेजने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया गया था। CBI-ED ने 2014 के बाद 13 सिटिंग मंत्रियों को गिरफ्तार किया।

### एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक में एसओजी की कार्रवाई

**35 लाख में बिका था सॉल्व पेपर, कोचिंग संचालक समेत दो मास्टरमाइंड गिरफ्तार**




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान की बहुचर्चित उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप को एक और बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। एसओजी ने पेपर लीक सिंडिकेट से जुड़े दो मुख्य किरदारों—एमएडी फाउंडेशन कोचिंग के संचालक और पेपर सप्लायर को दबोच लिया है। इन दोनों ने मिलीभगत कर परीक्षा से पहले ही अभ्यर्थियों को सॉल्व पेपर मुहैया कराया था, जिसके दम पर वे खाकी वर्दी पहनकर सब-इनस्पेक्टर बन बैठे थे। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को 4 जुलाई तक एसओजी की रिमांड पर सौंप दिया है, जहाँ इनसे पैसों के लेन-देन और गिरोह के अन्य नेटवर्क को लेकर कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। इस महा-घोटाले में अब तक कुल 149 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विशाल बंसल ने बताया कि 29 जून को मुख्य आरोपी दिनेश किलका (निवासी प्रेमपुरा, सीकर) को गिरफ्तार किया गया, जो परीक्षा के समय शाहपुरा स्थित एमएडी फाउंडेशन कोचिंग का संचालक था। दिनेश की निशानदेही पर 30 जून को पेपर सप्लाई करने वाले राकेश कुमार (निवासी सीकर) को भी दबोच लिया गया। कोचिंग संचालक दिनेश किलका ने सीकर के राकेश कुमार से 35 लाख रुपए में परीक्षा से पहले ही लीक हुआ सॉल्व पेपर खरीदा था। इसके बाद दिनेश ने इस पेपर को अभ्यर्थी अविनाश पलसानिया को 20 लाख रुपए और परमेश चौधरी को 16 लाख रुपए में बेचकर उन्हें परीक्षा से पहले ही पूरा पेपर रटवाया था।

## जम्मू-कश्मीर में बादल फटा, अरुणाचल में बाढ़

### एमपी-बिहार में बिजली गिरने से 8 की मौत

**भोपाल/जयपुर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर को डोडा में बुधवार सुबह 2 बार बादल फटा। भलेसा के कलालगीसर इलाके में बादल फटने से बाढ़ आ गई। ढेर सारा मलबा पहाड़ी से बहकर सड़क पर आ गया। इससे रास्ते ब्लॉक हो गए। वहीं, अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ और लैंडस्लाइड का कहर है। अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है। अंजॉ जिले के सारती गांव में लैंडस्लाइड में एक व्यक्ति की मौत हुई। इधर, मध्य प्रदेश के हरदा-खरगोन में बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि बैतूल में एक ही परिवार के चार लोग झुलस गए। वहीं, चंपा नदी के उफान में बाइक समेत दो युवक बह गए।बिहार में भी बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई। यूपी के सोनभद्र में मंगलवार शाम 4 बजे पिकनिक मनाने गए 3 लोग बरसाती नाले के तेज बहाव में बह गए। एक ही मौत हुई। मानसून ने बुधवार को पंजाब और हरियाणा में एंट्री कर ली। अब दिल्ली और राजस्थान को छोड़ पूरे देश में मानसून पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि जुलाई में देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। देश में इस साल जून महीने में 1901 के बाद पांचवीं सबसे कम बारिश दर्ज की गई है।



**पेनल्टी कॉर्नर**






**पटेला री पोल**

पांचना बांध का विवाद सुलझा, बदलेगी अब हवा<br>
लंबे समय से विवाद बना था, पर लगी इस बार दवा<br>
74 गांव थे आमने-सामने, संकट था यह बहुत बड़ा<br>
राजनेता रोटियां सेक रहे थे, समाज का पीछे खड़ा

**...मुखिया जी**

### दोहा में मध्यस्थों के जरिए अमेरिका और ईरान में बातचीत



**दोहा (एजेंसी)।** कतर की राजधानी दोहा में बुधवार को अमेरिका और ईरान के बीच कतर और पाकिस्तान की मध्यस्थता में अप्रत्यक्ष बातचीत जारी रही। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि फिलहाल बातचीत अप्रत्यक्ष तरीके से हो रही है। दोनों देशों के प्रतिनिधि आमने-सामने नहीं मिल रहे हैं। बैठकें बंद कमरे में हो रही हैं और मध्यस्थ देश दोनों पक्षों के बीच बातचीत आगे बढ़ा रहे हैं।' सूत्र के मुताबिक, बातचीत का मुख्य मुद्दा 17 जून को इस्लामाबाद में हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) को लागू करना है। इसमें ईरान की फ्रीज की गई संपत्तियों और होर्मुज स्ट्रेट की समुद्री सुरक्षा जैसे विषय शामिल हैं।

मंगलवार को कतर ने पुष्टि की थी कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर दोहा पहुंच चुके हैं लेकिन वे ईरानी अधिकारियों से सीधे मुलाकात नहीं करेंगे।

कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल अंसारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल सीधे ईरान से बात करने के बजाय मध्यस्थों से मुलाकात करेगा। इस दौरान अमेरिका और ईरान के बीच हाल ही में हुए एमओयू को लागू करने की प्रगति पर चर्चा होगी।

# भारत-मलेशिया की रणनीतिक साझेदारी

## रक्षा सहयोग को मिलेगा नया विस्तार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और मलेशिया ने अपने रक्षा संबंधों को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत नई दिल्ली में 1 जुलाई को सैन्य सहयोग पर 12वीं भारत-मलेशिया उप-समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों देशों ने रक्षा और सुरक्षा से जुड़े लगभग सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और भविष्य के सहयोग का खाका तैयार किया। बैठक के दौरान दोनों देशों ने सैन्य सहयोग की अब तक की प्रगति की समीक्षा की। सैन्य अभ्यास, सैनिकों के आदान-प्रदान, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, स्टाफ वार्ताओं, क्षमता निर्माण और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में हुए सहयोग पर संतोष व्यक्त किया गया। दोनों पक्षों ने माना कि पिछले कुछ वर्षों में रक्षा संबंध लगातार मजबूत हुए हैं और अब इन्हें अगले स्तर तक ले जाने का समय आ गया है। भारत और मलेशिया ने इस बात पर सहमति जताई कि दोनों देशों की सेनाओं के बीच संपर्क और बढ़ाया जाएगा। सैनिकों को एक-दूसरे के प्रशिक्षण संस्थानों में भेजने, पेशेवर अनुभव साझा करने और संयुक्त गतिविधियों की संख्या बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। इससे दोनों देशों की सेनाओं के बीच बेहतर समझ और तालमेल विकसित होगा। बैठक में रक्षा उद्योग और आधुनिक तकनीक पर विशेष जोर दिया गया। दोनों देशों ने रक्षा प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, रक्षा उत्पादन तथा मानवीय सहायता एवं आपदा राहत जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार किया। तेजी से बदलते सुरक्षा माहौल को देखते हुए इन क्षेत्रों को भविष्य की जरूरत बताया गया। क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा हालात पर भी चर्चा हुई।भारत और मलेशिया ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा और समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता बनाए रखने की अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों देशों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान और नियम-आधारित व्यवस्था के जरिए ही क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित की जा सकती है। आतंकवाद के खिलाफ सहयोग को भी महत्वपूर्ण विषय माना गया। दोनों पक्षों ने आतंकवाद-रोधी प्रयासों में मिलकर काम करने और क्षेत्रीय मंचों के माध्यम से सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। यह बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि रक्षा सहयोग भारत और मलेशिया की उन्नत रणनीतिक साझेदारी का एक प्रमुख आधार बन चुका है।

दोनों देशों ने स्पष्ट किया कि आपसी विश्वास, साझा हितों और सुरक्षित एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र की समान सोच के आधार पर रक्षा संबंधों को और गहरा किया जाएगा। भारत यात्रा के दौरान मलेशियाई सैन्य प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पहुंचकर भारत के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

CMYK

# कुंडल व बिठड़ी की नाड़ियों के गहरीकरण कार्य का उद्घाटन

## भारतीय जैन संघटना के जल संरक्षण अभियान का शुभारंभ

**फलोदी, (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय जैन संघटना (बीजेएस) एवं जिला प्रशासन फलोदी के संयुक्त तत्वावधान में जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंडल के ग्राम कुंडल स्थित मेटडा नाड़ी तथा ग्राम बिठड़ी की गवाई नाड़ी के गहरीकरण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह कार्य जिला कलेक्टर एवं उपखंड अधिकारी के सुझावों के अनुरूप शुरू किया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि त्रिलोक, ओम प्रकाश, कैलाश व्यास, विजय पालीवाल, बीजेएस फलोदी चैप्टर के अध्यक्ष मुकेश कोठारी, जितेंद्र छगानी, कुंदन लुणावत, सोनू बोथरा, अभिषेक लुणावत, बीजेएस मुख्यालय पुणे से स्टेट लीड डॉ. कनु बलदानिया तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी शोभित दुबे सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जैन संघटना का तालाब पुनर्जीवीकरण अभियान जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। नाड़ियों के गहरीकरण से वर्षा जल के अधिक संग्रहण की क्षमता विकसित होगी, जिससे पशु-पक्षियों को पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा और क्षेत्र का भूजल स्तर भी बेहतर होगा। साथ ही गहरीकरण से निकलने वाली उपजाऊ मिट्टी किसानों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उनकी कृषि भूमि की उर्वरता बढ़ेगी और कृषि उत्पादन में भी वृद्धि होगी। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जल संकट के स्थायी समाधान की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया। अधिकारियों एवं बीजेएस पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से जल संरक्षण कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने और प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।



# डॉक्टर्स डे पर चारणाई में मां री संभाल कार्यक्रम आयोजित

**बाप (हुक्मनामा समाचार)।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर उपस्वास्थ्य केन्द्र चारणाई में बुधवार को मां री संभाल कार्यक्रम के तहत विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं की आवश्यक स्वास्थ्य जांच निःशुल्क की गई। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं का हीमोग्लोबिन, रक्त समूह, रक्तचाप (बीपी), शुगर, यूरिन सहित अन्य आवश्यक जांचें की गईं। साथ ही चिकित्सकीय परामर्श देकर गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, आयरन एवं कैल्शियम की गोलियों के नियमित सेवन तथा सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी लाभार्थियों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. नरेन्द्र कुमार, लैब टेक्नीशियन पंकज कुमार मीणा, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रदीप बोहरा, एएनएम प्रियंका, प्रशासक प्रतिनिधि मौलवी जमालदीन, सामाजिक कार्यकर्ता रईश तथा दूसरा दशक के इक़बाल और खुशबू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ का साफा, माला एवं अजरख ओढ़ाकर सम्मान किया गया।



# पीएम मोदी के आगमन पर बनेगा हरित जिला, एक दिन में लगेंगे 2.51 लाख पौधे

**बालोतरा (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 4 जुलाई को प्रस्तावित बालोतरा आगमन के अवसर पर जिला प्रशासन ने पर्यावरण संरक्षण के तहत वृहद पौधारोपण अभियान की तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके तहत पूरे जिले में एक ही दिन में 2 लाख 51 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में 500 पौधे लगाए जाएंगे और प्रभावी निगरानी के लिए सभी पौधों की जियो-टैगिंग की जाएगी। इसके साथ ही, स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम स्थल पर ग्रीन पार्किंग की विशेष व्यवस्था की जा रही है, जहां ई-वाहनों और साइकिलों के लिए अलग पार्किंग स्थल होंगे। ईंधन संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश देने के लिए पचपदरा से एचपीसीएल रिफाइनरी तक एक साइकिल रैली भी आयोजित की जाएगी। प्रशासन ने आमजन से इस हरित अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

## पीएम मोदी के आगमन से पूर्व महा स्वच्छता अभियान तेज, शहर को सुंदर बनाने में जुटा प्रशासन

**बालोतरा (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 4 जुलाई को प्रस्तावित बालोतरा आगमन को लेकर जिला प्रशासन और नगर परिषद द्वारा शहरभर में विशेष महा स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मुख्य मार्गों, वीआईपी रूट, रेलवे स्टेशन रोड, कलेक्ट्रेट मार्ग और सभा स्थल की ओर जाने वाली सड़कों पर व्यापक सफाई कार्य किया जा रहा है। नगर परिषद आयुक्त आशुतोष आचार्य ने अधिकारियों और सफाई संरक्षकों की बैठक लेकर 4 जुलाई तक लगातार विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सड़कों से धूल हटाने, मलबा साफ करने और कचरा संग्रहण के लिए अतिरिक्त सफाई दल तैनात किए गए हैं। आयुक्त ने आमजन, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग करने और शहर को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की है।

# ग्रामीण परिवेश से निकलकर सेना तक पहुँचे वीसोच कॉलेज के छात्र चंदू गुर्जर

## पहली नियुक्ति से पूर्व हुआ सम्मान

**सोजत (हुक्मनामा समाचार)।** वीसोच कॉलेज, सियाट के लिए बुधवार का दिन गर्व और प्रेरणा का अवसर बन गया, जब महाविद्यालय के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र चंदू लाल गुर्जर (पुत्रभीयाराम गुर्जर) भारतीय सेना की अग्निवीर योजना के अंतर्गत चयनित होकर सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद अपनी प्रथम नियुक्ति पठानकोट (पंजाब) के लिए रवाना होने से पूर्व महाविद्यालय पहुंचे। महाविद्यालय परिवार ने उनका गर्मजोशी एवं सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में संस्थान निदेशक हेरम्ब भारद्वाज ने चंदू गुर्जर का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की सबसे बड़ी उपलब्धि उसके विद्यार्थियों की सफलता होती है। चंदू ने अपने परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे महाविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम में डॉ. वर्षा तिवारी ने स्मृति चिन्ह भेंट कर चंदू गुर्जर का सम्मान किया, जबकि मोहम्मद आसिफ ने महाविद्यालय का दुपट्टा ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर अशोक गहलोत, राजेन्द्र कुमावत, जितेन्द्र गर्ग ,भावना बोराना, भावना गोराना, इमरान, उगमराज सहित महाविद्यालय परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने चंदू को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र सेवा के लिए उनका उत्साहवर्धन किया।

# ग्रामीण सेवा शिविरों से मिली बड़ी राहत, प्रमाण पत्रों के साथ पशु बीमा योजना का लाभ भी मिला

**फलौदी (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की पहल पर जिले में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर आमजन के लिए राहत और सुशासन का प्रभावी माध्यम बनते जा रहे हैं। बुधवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों के दौरान लोगों को आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ-साथ जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मौके पर ही उपलब्ध कराया गया। फलौदी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत श्रीकृष्ण नगर में आयोजित शिविर में खमूराम को उनकी माता सोमारी का मृत्यु प्रमाण पत्र तहसीलदार राज बहादुर सिंह ने दस्तावेजों की जांच के बाद सौंपा। खमूराम ने बताया कि प्रमाण पत्र के अभाव में उन्हें कई सरकारी कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, जो अब दूर हो गई है। वहीं लोहावट पंचायत समिति की ग्राम पंचायत दयाकोर में पशुपालक बंशीलाल मेघवाल को मंगला पशु बीमा योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि पशुओं का पूर्व में कराया गया बीमा कठिन समय में उनके परिवार के लिए सहारा बना और मिली सहायता से आर्थिक बोझ कम हुआ। ग्राम पंचायत जलोदा में आयोजित शिविर के दौरान सोनी कंवर पत्नी उगम सिंह को मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। लाभार्थी ने कहा कि इस सहयोग से पशु हानि के बाद आजीविका को फिर से व्यवस्थित करने में मदद मिली। इसी प्रकार ग्राम पंचायत दयाकोर में बिदामी पत्नी धर्मेंद्र कुमार को मौके पर ही विवाह प्रमाण पत्र जारी किया गया। लाभार्थी ने बताया कि पहले ऐसे कार्यों के लिए कई कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, जबकि अब शिविर में ही सरल और त्वरित प्रक्रिया से प्रमाण पत्र मिल गया। सभी लाभार्थियों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से सरकारी सेवाएं और योजनाओं का लाभ अब पारदर्शी, समयबद्ध और एक ही स्थान पर उपलब्ध हो रहा है।



# सायला के कहीं जगह पर 63 केवीए के लगे नये ट्रांसफार्मर



**सायला (हुक्मनामा समाचार)।** उपखंड के नगरपालिका सायला में उदेशो के वास में कही महीनों से विद्युत समस्या चल रही थी ।समस्या को देखते मुख्यसचेतक केबिनेट मंत्रीजागेश्वर गर्ग द्वारा दूरभाष पर सायला अधिशासी अभियंता जोधपुर डिस्कॉम सायला लालचंद वर्मा को जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने का निर्देश देने पर अधिशासी अभियंता द्वारा एक अतिरिक्त 63 केवीए का ट्रांसफार्मर ऋष्ठस्र्स स्कीम के तहत लगाकर 150 घरों में वोल्टेज की समस्या का समाधान किया गया जिसमे भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मांगीलाल राजपुरोहित ने बताया कि नये ट्रांसफार्मर के लगने पर घरों में विद्युत में कटौती नहीं होगी इससे पर्याप्त वोल्टेज मिलने पर मंत्री महोदय जी का आभार जताया । इस मौके भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा, अधिशासी अभियंता लालचंद वर्मा, कनिष्ठ अभियंता आशाराम चौधरी, मिश्रीमल राजपुरोहित, चम्पालाल राजपुरोहित, मदनलाल आचार्य, लाइनमैन गोपाललाल लखारा ,स्न्त्रक्ञ इंचार्ज गोपाल आसाना, हकमाराम, सहित माहौल वासी मौजूद रहे।

# फलोदी में तीन दिवसीय भव्य जैन दीक्षा महोत्सव संपन्न

## आचार्य हंसरत्न सूरीश्वर एवं आचार्य तत्त्वदर्शन सूरीश्वर की पावन निश्रा में चातुर्मास प्रवेश

**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** दिव्य तपस्वी परम पूज्य आचार्य श्रीमद विजय हंसरत्न सूरीश्वर जी महाराज एवं प्रवचन प्रभावक परम पूज्य आचार्य श्रीमद विजय तत्त्वदर्शन सूरीश्वर जी महाराज की पावन निश्रा में फलोदी में आयोजित तीन दिवसीय भव्य जैन दीक्षा महोत्सव, चातुर्मास प्रवेश एवं पंन्यास पद प्रदान समारोह श्रद्धा, भक्ति और धर्ममय वातावरण के बीच संपन्न हुआ। महोत्सव में देशभर से हजारों श्रद्धालु पहुंचे और विभिन्न धार्मिक आयोजनों में भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस प्रथम परमात्मा के भव्य अभिषेक के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। सायंकाल फलोदी शहर में ऐतिहासिक बिन्दोली निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। जय-जयकार और नवकार महामंत्र के उद्घोष से पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। द्वितीय दिवस प्रातः मुमुक्षु द्वारा धारण किए जाने वाले संयम वस्त्रों को केसर मिश्रित जल से रंगने की भावपूर्ण रस्म सम्पन्न हुई। यह दृश्य त्याग, वैराग्य और संयम की प्रेरणा देने वाला रहा। शाम को आयोजित विदाई समारोह में युवा ओम भाई संयम जीवन क्यों अपना रहे हैं और संसार क्यों छोड़ रहे है विषय पर विशेष प्रवचन हुए। आचार्य भगवंतों ने संयम मार्ग, संसार की नश्वरता और आत्मकल्याण के महत्व पर प्रेरणादायी उद्बोधन दिए, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। महोत्सव के तृतीय एवं अंतिम दिवस ब्रह्म मुहूर्त में प्रातः 5 बजे शुभ लग्न में मुमुक्षु ओम भाई ने सांसारिक जीवन का त्याग कर आचार्यहंसरत्न सूरीश्वर जी महाराज के मुखारविंद से जैन भागवती दीक्षा ग्रहण की। इस ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक अवसर के साक्षी बनने के लिए देशभर से हजारों श्रद्धालु फलोदी पहुंचे और नवदीक्षित मुनि भगवंत से आशीर्वाद प्राप्त किया। दीक्षा समारोह को संबोधित करते हुए आचार्यहंसरत्न सूरीश्वर जी महाराज ने कहा कि दीक्षा आत्मा के परमात्मा से मिलन का महापर्व है। संयम जीवन मोक्ष की ओर बढ़ने का प्रथम चरण है तथा त्याग और तप ही जीवन की वास्तविक शोभा हैं।इसी पावन अवसर पर आचार्य भगवंतों ने फलोदी में चातुर्मास प्रवेश की घोषणा भी की। आगामी चार माह तक गुरु भगवंत फलोदी में स्थिरवास कर प्रतिदिन प्रवचन, तत्वचर्चा, शास्त्र वाचन, ध्यान-साधना एवं तप-त्याग से जुड़े विविध धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से धर्म की गंगा प्रवाहित करेंगे। इससे क्षेत्र के श्रावक-श्राविकाओं को आत्मकल्याण का विशेष अवसर मिलेगा।महोत्सव के दौरान गणीवर्यधर्मध्यान विजय जी महाराज की विद्वत्ता, तप, त्याग एवं शास्त्रज्ञान को सम्मानित करते हुए उन्हें जैन शासन के प्रतिष्ठित पंन्यास पद से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए गुरु परंपरा का अभिनंदन किया। आचार्यहंसरत्न सूरीश्वर जी एवं आचार्यतत्त्वदर्शन सूरीश्वर जी महाराज की प्रेरणा से बड़ी संख्या में युवा संयम मार्ग की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उनका जीवन तप, जीवदया, त्याग और जिनशासन की सेवा को समर्पित है। सम्पूर्ण महोत्सव का सफल संचालनफलोदी जैन श्वेतांबरसंघ द्वारा किया गया। संघ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने पधारे हुए गुरु भगवंतों, देशभर से आए श्रद्धालुओं तथा आयोजन में सहयोग करने वाले सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। फलोदी में आयोजित यह तीन दिवसीय जैन दीक्षा महोत्सव धार्मिक आस्था, संयम और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत संगम बनकर नगर के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया।



# एक नजर

## फलोदी नगरपरिषद : अफसरों के भरोसे नहीं, अतिरिक्त प्रभार के सहारे चल रही व्यवस्था

**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के विकास की जिम्मेदारी संभालने वाली नगरपरिषद फलोदी पिछले करीब आठ वर्षों से अधिकारियों के भारी अभाव से जूझ रही है। हालात यह हैं कि अधिकांश महत्वपूर्ण शाखाएं अतिरिक्त प्रभार के भरोसे संचालित हो रही हैं, जबकि कई अहम पद पूरी तरह रिक्त पड़े हैं। प्रशासनिक ढांचे की इस कमजोरी का सीधा असर शहर के विकास कार्यों, राजस्व वसूली, सफाई व्यवस्था और आमजन को मिलने वाली सेवाओं पर पड़ रहा है। **महत्वपूर्ण विभागों में स्थायी अधिकारी नहीं** नगरपरिषद में आयुक्त, अधिशासी अभियंता (एक्सईएन), विकास शाखा, भूमि शाखा, संस्थापन शाखा और स्टोर शाखा का कार्य अतिरिक्त प्रभार के माध्यम से चलाया जा रहा है।

इसके अलावा राजस्व अधिकारी, सैनेटरी इंस्पेक्टर, फायर सिक्योरिटी अधिकारी, गृहकर (यूडी टैक्स) अधिकारी और सफाई इंचार्ज जैसे महत्वपूर्ण पद वर्षों से रिक्त हैं। कई मामलों में फायरमैन और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से जिम्मेदारियां निभवाई जा रही हैं, जिससे कार्यों की गुणवत्ता और जवाबदेही दोनों प्रभावित हो रही हैं।

## फलोदी में 4 जुलाई को जिला स्तरीय रोजगार उत्सव, नव नियुक्त कार्मिकों को मिलेंगे नियुक्ति पत्र

**फलोदी, (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 4 जुलाई को जयपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय रोजगार उत्सव के समानांतर फलोदी में भी जिला स्तरीय रोजगार उत्सव का आयोजन नगर परिषद सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों में नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। जिला स्तरीय रोजगार उत्सव के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने आदेश जारी करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाओं के समुचित संचालन एवं समन्वय के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रशासन की ओर से कार्यक्रम को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। रोजगार उत्सव के माध्यम से नव नियुक्त कार्मिकों का स्वागत करते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं।

## शहीद वीरबल सिंह को श्रद्धांजलि, जीनगर समाज के 37 प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान




**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** जीनगर युवा मंच, फलोदी के तत्वावधान में मंगलवार को इन्दिरा कॉलोनी स्थित सामुदायिक सभा भवन में शहीद वीरबल सिंह डाभिया (रामसिंह नगर) की 80वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद वीरबल सिंह के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर समाज के 37 प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी फूलाराम राठौड़, भीमराज राठौड़, सेवानिवृत्त प्राचार्य माणकचंद जीणगर, शांतिलाल कनोजिया, प्राचार्य गोपाललाल देवड़ा सहित वक्ताओं ने शहीद वीरबल सिंह के देशप्रेम, मातृभूमि के प्रति त्याग और बलिदान को याद करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिकों, महिलाओं एवं युवाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। मंच संचालन जीणगर युवा मंच के अध्यक्ष भवानी पंवार ने किया।

## आज सुबह 6:30 से 9 बजे तक फलोदी शहर सहित कई क्षेत्रों में बिजली रहेगी बंद

**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय पर स्थित 220 केवी जीएसएस मेला ग्राउंड, फलोदी में आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते गुरुवार, 2 जुलाई को सुबह 6ः30 बजे से 9ः00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता हनुमान राम चौधरी के निर्देशानुसार अभियांत्रिकी पर्यवेक्षक करण सिंह राजपुरोहित ने बताया कि रखरखाव कार्य के दौरान 33 केवी जीएसएस फलोदी सिटी, शिवसर, लोर्डिया, सदावता, मोखेरी, एयरफोर्स तथा कुंडल जीएसएस से जुड़े क्षेत्रों की बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित समय के दौरान आवश्यक कार्यों की पूर्व तैयारी कर लें। रखरखाव कार्य पूरा होने के बाद विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से बहाल कर दी जाएगी।

## फलौदी पुलिस ने 3.11 करोड़ रुपये के जब्त मादक पदार्थों का किया नष्टीकरण

**फलौदी (हुक्मनामा समाचार)।** पुलिस मुख्यालय राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार जिला पुलिस फलौदी ने विभिन्न पुलिस थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त किए गए मादक पदार्थों का नियमानुसार नष्टीकरण (भस्मीकरण) किया। न्यायालय से धारा 52ए एनडीपीएस एक्ट की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 37 प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थों को फलौदी शहर के बाहर निर्धारित स्थान पर जलाकर नष्ट किया गया। पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह ने बताया कि नष्ट किए गए मादक पदार्थों में 1401 किलोग्राम डोडा पोस्त, 500 ग्राम स्मैक, 100 ग्राम एमडी/एमडीएमए तथा 27 हजार अफीम के पौधे शामिल थे। इनकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 3 करोड़ 11 लाख 30 हजार रुपये है। इनमें डोडा पोस्त की कीमत लगभग 2 करोड़ 10 लाख रुपये, स्मैक की कीमत 1 करोड़ रुपये तथा एमडी/एमडीएमए की कीमत करीब 1 लाख रुपये आंकी गई। उन्होंने बताया कि न्यायालय के आदेश प्राप्त होने के बाद विभिन्न पुलिस थानों से जब्त माल को सुरक्षा के बीच निर्धारित स्थान पर लाया गया, जहां नष्टीकरण समिति की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया को नियमानुसार संपन्न किया गया। इस दौरान प्रत्येक कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई। नष्टीकरण समिति के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्रजराज सिंह चारण, अपराध शाखा के बाबूराम, जयप्रकाश, संबंधित थानाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस ने बताया कि मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नशे के कारोबार में लिप्त तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।




राज्य स्तरीय दैनिक

# हुकमनामा समाचार




**जयपुर • जोधपुर • अजमेर से प्रकाशित**

यदि आप पत्रकारिता, मीडिया या समाचार क्षेत्र से जुड़ना चाहते हैं तो आज ही जुड़ें राजस्थान के तेजी से उभरते समाचार पत्र **"दैनिक हुकमनामा समाचार"** के साथ।



- प्रिंट मीडिया
- डिजिटल न्यूज
- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म
- राजस्थान का मजबूत नेटवर्क

**विशेष रूप से आमंत्रित:**

**जालौर, सिरोही, फलोदी, पाली, बाड़मेर, जैसलमेर, बालोतरा**

जिले के आसपास के क्षेत्रों से

**संवाददाता एवं मीडिया प्रतिनिधि**




**संम्पर्क करें:**

☎ 0141-2220403
8824399949
9828011251

Website:
www.hukmnamasamachar.com

दैनिक

# हुकमनामा समाचार




हर खबर पर पैनी नजर

# एक ही चिता पर हुआ चार शवों का अंतिम संस्कार

### पति-पत्नी और बेटा-बेटी की एक साथ निकली शव यात्रा, पूरे गांव में छाया मातम





**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** देचू थाना क्षेत्र में पत्नी व बच्चों की हत्या कर सुसाइड करने वाले पति के शवों का आज उनके पैतृक गांव पाली जिले में रोहट क्षेत्र के बीठू गांव में एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। चारों की अर्थियां जब एक साथ घर से निकलीं तो पूरे गांव में मातम छा गया। चारों का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया।

दरअसल तीस जून को फतेहगढ़ गांव में एक ही परिवार के चार लोगों के शव मिले थे। पाली जिले के रोहट क्षेत्र के बीठू निवासी गेनाराम (35) ने पहले पत्नी पुष्पा (32), बेटी खुशबू (13) और बेटे किशन (10) की गला दबाकर हत्या की थी। इसके बाद उसने खुद फंदे पर लटककर सुसाइड कर लिया। गेनाराम पिछले करीब चार साल से फतेहगढ़ क्षेत्र में खेतों में मजदूरी करता था और परिवार भी उसके साथ रहता था। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे खेत में शव पड़े होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहां महिला और दोनों बच्चों के शव जमीन पर पड़े मिले, जबकि गेनाराम का शव फंदे से लटका हुआ था। गेनाराम 29 जून को अपनी पत्नी और दोनों बच्चों के साथ बीठू (रोहट) आया था। यहां उसने एक थान (मंदिर) पर पत्नी को दिखाया और प्रसाद चढ़ाया। इसके बाद शाम करीब साढ़े छह बजे वह परिवार सहित वापस फतेहगढ़ के लिए रवाना हो गया। अगले दिन सुबह चारों के शव खेत में मिले।

## चार भाई-तीन बहनों का परिवार, पिता लकवाग्रस्त

गेनाराम चार भाइयों और तीन बहनों में था। उसके दो भाई चेनाराम और सीयाराम भी फतेहगढ़ क्षेत्र में खेतों में मजदूरी करते हैं। बीठू गांव में उसके पिता जोधाराम, मां सीतादेवी और एक दिव्यांग भाई रहते हैं। पिता लकवाग्रस्त हैं, जबकि मां सीतादेवी पति और दिव्यांग बेटे की देखभाल करती हैं। परिजनों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से गेनाराम की पत्नी पुष्पा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। माना जा रहा है कि इसी वजह से गेनाराम मानसिक तनाव में था।



## अवैध बजरी से भरे डंपर ने डीएसटी प्रभारी की गाड़ी को मारी टक्कर

## बाल- बाल बचे, डंपर चालक सड़क पर बजरी खाली कर हुआ फरार

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** निकटवर्ती मथानिया के बालरवा-तिंवरी रोड पर मंगलवार दोपहर अवैध बजरी खनन एवं परिवहन को लेकर की गई नाकाबंदी में बजरी डंपर ने डीएसटी प्रभारी की गाड़ी को टक्कर मार दी। आरोपी चालक बजरी से भरा डंपर सड़क पर ही खाली कर भाग गया। आरोपी का आज दूसरे दिन भी पता नहीं चल पाया। डीएसटी प्रभारी ने मथानिया थाने में राजकार्य में बाधा डालने एवं सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाए जाने का केस दर्ज कराया है। जांच एसआई प्यारेलाल की तरफ से की जा रही है।

जांच अधिकारी तिंवरी चौकी प्रभारी एसआई प्यारेलाल ने बताया कि पुलिस आयुक्त शरत कविराज, डीसीपी पूर्व मनीष कुमार के दिशा निर्देश पर अवैध बजरी खनन को लेकर डीएसटी पूर्व की टीम का गठन किया गया। टीम के प्रभारी एएसआई पुनीत त्यागी मय जाब्ते के मंगलवार दोपहर दो बजे अवैध बजरी से भरे डंपर का पीछा करने लगे। बाद में बालरवा चौकी की तरफ से नाकाबंदी की गई। तब बालरवा-तिंवरी रोड से तीन किलोमीटर पहले डंपर चालक ने सड़क पर बजरी को खाली कर दिया। भागते हुए को रोकने के लिए डीएसटी प्रभारी पुनीत त्यागी ने गाड़ी को आड़े लगाया तो उसे भी टक्कर मारकर भाग गया।

हालांकि ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। प्रभारी त्यागी बाल बाल बच गए। एसआई प्यारेलाल ने बताया कि डंपर का चालक बाद में गाड़ी को लेकर तेजी से जोधपुर की तरफ भाग निकला। गाड़ी नंबर से मालिक और चालक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इस बारे एएसआई पुनीत त्यागी ने राजकार्य में बाधा का केस दर्ज कराया है।



## तीन घंटे चली ए श्रेणी नाकाबंदी, 809 वाहनों की जांच

### 292 संदिग्ध व्यक्तियों का राजकोप ऐप से फोटो मिलान

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** पुलिस आयुक्तालय जोधपुर ने अपराध, अवैध गतिविधियों एवं सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से मंगलवार शाम शहरभर में ए श्रेणी हथियारबंद नाकाबंदी अभियान चलाया। शाम सात से रात दस बजे तक चले तीन घंटे के विशेष अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर वाहनों की सघन जांच कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

पुलिस आयुक्त शरत कविराज के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय एवं यातायात) शहीन सी के सुपरविजन तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (पूर्व एवं पश्चिम) एवं सहायक पुलिस आयुक्तों के नेतृत्व में सभी थाना क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने, बिना लाइसेंस, तेज गति, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, बिना नंबर प्लेट, अवैध बंपर, काले शीशे, मॉडिफाइड व फैंसी नंबर प्लेट, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान 809 संदिग्ध वाहनों की चैकिंग कर 17 चालकों के विरुद्ध धारा 185 एमवी एक्ट, 28 अवैध बंपर लगे वाहन, 47 काले शीशे फिल्म लगे वाहन, 15 मॉडिफाइड/फैंसी नंबर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसके साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन पर अन्य एमवी एक्ट में कुल 238 चालान बनाए गए। वहीं राजकोप ऐप के माध्यम से 292 संदिग्ध व्यक्तियों का फोटो मिलान किया गया।

## लायंस क्लब जोधपुर एक्टिव ने 11 चिकित्सकों का किया सम्मान



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** इंटरनेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर लायंस क्लब जोधपुर एक्टिव की ओर से चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित सेक्टर-16 के सेटेलाइट हॉस्पिटल में सम्मान समारोह आयोजित कर 11 चिकित्सकों का अभिनंदन किया गया।

क्लब अध्यक्ष एडवोकेट संजीव व्यास ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जोन चेयरमैन लायन रामेश्वर सिंह परिहार थे। समारोह में चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। माइक्रो चेयरमैन उषा गर्ग ने कहा कि चिकित्सक वर्षभर दिन-रात मरीजों की सेवा में समर्पित रहते हैं और उनके जीवन की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करते हैं। इंटरनेशनल डॉक्टर्स डे उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष संजीव व्यास, सचिव अमित पेड़ीवाल तथा कोषाध्यक्ष वीणा हरवानी ने सभी सदस्यों के सहयोग की सराहना की। इस अवसर पर चिकित्सकों ने भी अपने अनुभव साझा किए। डॉ. शिल्पा अग्रवाल ने बताया कि अस्पताल में सभी प्रकार के मरीजों का उपचार संवेदनशीलता और समर्पण के साथ किया जाता है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नरसिंह माथुर ने कहा कि अस्पताल में महिला एवं प्रसूति सेवाओं, दंत चिकित्सा, फिजिशियन सहित विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। समारोह में डॉ. जितेंद्र नारायण पुरोहित, डॉ. निर्मला गोस्वामी, डॉ. रमेश खत्री, डॉ. नरसिंह माथुर, डॉ. मंदीप परिहार, डॉ. श्वेता जीनगर, डॉ. ज्ञानेंद्र जोशी, डॉ. हार्दिक जोशी, डॉ. यूसुफ तथा डॉ. ओमप्रकाश डूडी सहित 11 चिकित्सकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे।

## मसूरिया नट बस्ती में पुलिस की रेड

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के मसूरिया नट बस्ती में अवैध शराब को लेकर पुलिस की तरफ से मंगलवार देर रात रेड दी गई। हालांकि कोई अवैध शराब या अवांछनीय सामग्री पुलिस को वहां नहीं मिली। पुलिस अधिकारी भारी लावजमें के साथ वहां पहुंचे। एडीसीपी वेस्ट नरेंद्र सिंह देवड़ा के अनुसार मसूरिया नट बस्ती में पुलिस की तरफ से अवैध शराब धंधे को लेकर रेड दी। पुलिस ने वहां आस पास की दुकानों पर भी छानबीन की। लेकिन रात तक को अवाछनीय सामग्री या अवैध शराब नहीं मिली। कार्रवाई में एसीपी प्रतापनगर नतीशा जाखड़, देवनगर थानाधिकारी सोमकरण, कालिका यूनिट टीम आदि शामिल रहे। थानाधिकारी सोमकरण ने बताया कि पुलिस लवाजमें के साथ यहां एरिया में रेड दी गई थी। रात तक वहां से कोई अवैध शराब आदि नहीं मिली है। पुलिस द्वारा कई बार मसूरिया नट बस्ती में रेड दी जा चुकी है।

## एक माह में 24 बाल श्रमिकों का रेस्क्यू, बाल कल्याण समिति ने करवाया पारिवारिक पुनर्वास




**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले में एक जून से तीस जून तक बाल श्रम, बाल बंधुआ मजदूरी एवं मानव दुर्व्यापार (बाल तस्करी) के उन्मूलन के लिए चलाए गए विशेष अभियान उमंग सक्षम के तहत 24 बाल श्रमिक बच्चों का रेस्क्यू कर उन्हें बाल कल्याण समिति जोधपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

समिति के अध्यक्ष विक्रम चेतन सरगरा ने बताया कि रेस्क्यू किए गए 24 बच्चों में से 13 बच्चे जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, नौ जोधपुर ग्रामीण तथा दो फलोदी जिले से लाए गए थे।

सभी बच्चों को बाल श्रम करते हुए विभिन्न स्थानों से मुक्त कराया गया। समिति ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सभी बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर पारिवारिक पुनर्वास कराया। साथ ही जिला बाल संरक्षण इकाई, जोधपुर को पत्र भेजकर निर्देश दिए गए कि पात्र बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए, ताकि उनके पुनर्वास और शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। इस दौरान समिति सदस्य बबीता शर्मा, जय भाटी, गंगाराम देवासी तथा अनिल मरवण भी उपस्थित रहे।

## युवती ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** सूरसागर में रहने वाली एक युवती ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उसके भाई ने सूरसागर थाने में मर्ग दर्ज करवाया है। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। पुलिस ने कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंपा।

सूरसागर पुलिस ने बताया कि भूरटिया गली नंबर 9 में रहने वाली बीस वर्षीय शिवानी पुत्री माणकचंद प्रजापत ने अपने घर में फंदा लगा लिया। पता चलने पर परिजन उसे फंदे से उतार कर अस्पताल लेकर गए। लेकिन डॉक्टर ने उसे चैक कर मृत बता दिया।

उसके भाई प्रवीण प्रजापत ने रिपोर्ट दी है।

## ज्यादा शराब पीने से युवक की मौत

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** रातानाडा थाना क्षेत्र में अत्यधिक शराब सेवन से एक युवक की तबीयत बिगड़ गई, जिसकी बाद में अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि बग्गी खाना नेहरू कॉलोनी निवासी संजीव ने अत्यधिक शराब का सेवन कर लिया था। तबीयत बिगडने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन बाद में उसकी मौत हो गई। उसके भाई सतवीर ने रिपोर्ट दी है। शव को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## आईएएस डॉ. भंवरलाल को अजमेर डिस्कॉम का अतिरिक्त प्रभार

## इंजीनियर वीके छंगाणी तीन माह के लिए फिर बने तकनीकी निदेशक

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य सरकार ने जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जोधपुर डिस्कॉम) के प्रबंध निदेशक आईएएस डॉ. भंवरलाल को अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वहीं, जोधपुर डिस्कॉम के निदेशक (तकनीकी) इंजी. वीके छंगाणी को भी तीन माह के लिए पुनः निदेशक (तकनीकी) पद पर नियुक्त किया गया है।

डॉ. भंवरलाल ने 9 अक्टूबर 2024 को जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया था। इससे पूर्व वे राजसमंद व सिरोही सहित कई जिलो में कलक्टर व महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। उनके नेतृत्व में जोधपुर डिस्कॉम ने उपभोक्ता सेवाओं में सुधार, राजस्व प्रबंधन, विद्युत वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण तथा विभिन्न राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

विशेष रूप से प्रधानमंत्री कुसुम योजना के क्रियान्वयन में निगम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए किसानों तक सौर ऊर्जा आधारित सुविधाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। इधर, इंजी. वी.के. छंगाणी को राज्य सरकार ने तीन माह के लिए पुनः निदेशक (तकनीकी) नियुक्त किया है। इससे पूर्व भी वे इसी पद का कार्यभार संभाल रहे थे।

उनका कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो गया था, जिसके बाद सरकार ने उनके अनुभव और तकनीकी नेतृत्व को देखते हुए आगामी तीन माह के लिए उन्हें पुनः इस पद पर नियुक्ति प्रदान की है।

## पंकज शर्मा ने उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार संभाला




**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भारतीय रेल प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) के वरिष्ठ अधिकारी पंकज शर्मा ने बुधवार को उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने से पहले वे रेलवे बोर्ड में प्रमुख कार्यकारी निदेशक/विद्युत विकास के पद पर कार्यरत थे।

वर्ष 1989 बैच के भारतीय रेल इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारी पंकज शर्मा भारतीय रेलवे में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने रेलवे बोर्ड में प्रमुख कार्यकारी निदेशक (विद्युत विकास), पश्चिम मध्य रेलवे में वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, कोटा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे में मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (निर्माण) तथा मुख्य इलेक्ट्रिकल ट्रैक्शन इंजीनियर सहित कई अहम जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है।

# आईआईटी जोधपुर बना सीईआरएन की प्रतिष्ठित सीएमएस कोलैबोरेशन का फुल मेंबर

- लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर के वैश्विक वैज्ञानिक अभियान में निभाएगा अहम भूमिका
- एआई और मशीन लर्निंग से होगा पार्टिकल फिजिक्स अनुसंधान



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जोधपुर ने वैश्विक विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए स्विट्जरलैंड के जिनेवा स्थित विश्व की सबसे बड़ी पार्टिकल फिजिक्स प्रयोगशाला सीईआरएन की प्रतिष्ठित सीएमएस कोलैबोरेशन का फुल मेंबर दर्जा प्राप्त कर लिया है। इस उपलब्धि के साथ आईआईटी जोधपुर अब दुनिया के अग्रणी विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के उस विशिष्ट समूह में शामिल हो गया है, जो ब्रह्मांड की उत्पत्ति, पदार्थ की मूल संरचना और प्रकृति के मौलिक नियमों से जुड़े वैज्ञानिक रहस्यों की खोज में सहयोग कर रहे हैं।

सीईआरएन में स्थापित एलएचसी दुनिया का सबसे शक्तिशाली पार्टिकल एक्सीलरेटर है। वर्ष 2012 में इसी के सीएमएस प्रयोग के माध्यम से वैज्ञानिकों ने हिग्स बोसॉन की ऐतिहासिक खोज की थी, जिसे 21वीं सदी की सबसे बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धियों में गिना जाता है। फुल मेंबर बनने के बाद आईआईटी जोधपुर के वैज्ञानिक सीएमएस कोलैबोरेशन के दीर्घकालिक शोध कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करेंगे। संस्थान के शोधकर्ता पार्टिकल फिजिक्स के अत्याधुनिक अनुसंधान, नई पीढ़ी की डिटेक्टर तकनीकों के विकास तथा लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर से प्राप्त विशाल डेटा के विश्लेषण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग करेंगे।

## डॉ. पंवार एवं डॉ. कुमार करेंगे नेतृत्व

आईआईटी जोधपुर में इस कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. लता पंवार एवं डॉ. जितेंद्र कुमार करेंगे। दोनों वैज्ञानिक पहले भी सीईआरएन की विश्वप्रसिद्ध एटलस, एलाइस और सीएमएस परियोजनाओं से जुड़े रह चुके हैं तथा प्रायोगिक पार्टिकल फिजिक्स के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे चुके हैं। उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए वर्ष 2025 में उन्हें सम्मानित किया गया था। आईआईटी जोधपुर के निदेशक प्रो. अविनाश कुमार अग्रवाल ने इस उपलब्धि को संस्थान के लिए गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे शिक्षकों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों को विश्व के अग्रणी वैज्ञानिकों के साथ कार्य करने तथा भविष्य की महत्वपूर्ण वैज्ञानिक खोजों में योगदान देने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि वैश्विक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की बढ़ती नेतृत्वकारी भूमिका को भी सशक्त बनाएगी।

स्वामी एवं प्रकाशक प्रदीप लोढ़ा के लिए 902, तीसरी ई-रोड, सरदारपुरा, जोधपुर से प्रकाशित तथा मुद्रक मनीष कुमार, माणक ऑफसेट प्रिन्टर्स, एमजीएच रोड, जोधपुर द्वारा मुद्रित। सम्पादक प्रदीप लोढा, फोन : 2540244, 2622321, फैक्स : 2541066, सिटी कार्यालय : मालियों की गली, उदयमंदिर थाने के पास, जोधपुर। -जयपुर कार्यालय : जी-1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। फोन नं.-01412220403-05, समाचार सम्पादक (मानद): सैयद मुनव्वर अली, मो. 9929454286

## सम्पादकीय...

### बांग्लादेश की बदलती सोच से नई सुरक्षा चुनौती



1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में उदय में भारत की निर्णायक भूमिका रही थी। दोनों देशों ने दशकों तक सुरक्षा, व्यापार, जल बंटवारे, सीमा प्रबंधन और सांस्कृतिक संबंधों के क्षेत्र में उल्लेखनीय सहयोग किया। किंतु पिछले कुछ समय से बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति, उसकी सैन्य सोच और विदेश नीति में दिखाई दे रहे बदलावों ने नई चिंताओं को जन्म दिया है। विशेष रूप से बांग्लादेशी सेना में धार्मिक प्रतीकों और इस्लामी पहचान को अधिक प्रमुखता देने की खबरों ने भारत सहित पूरे क्षेत्र का ध्यान आकर्षित किया है। हाल के घटनाक्रमों के अनुसार बांग्लादेशी सेना की कुछ नई बटालियनों का नाम इस्लामी इतिहास के शुरुआती खलीफाओं के नाम पर रखा गया है और सेना के पारंपरिक राष्ट्रवादी नारों के स्थान पर धार्मिक नारों को महत्व दिए जाने की चर्चा भी सामने आई है। यदि यह प्रवृत्ति आगे बढ़ती है तो यह केवल सैन्य परंपरा का परिवर्तन नहीं होगा, बल्कि बांग्लादेश की बदलती वैचारिक दिशा का संकेत भी माना जाएगा। किसी भी सेना का चरित्र केवल उसके हथियारों से नहीं, बल्कि उसके मूल्यों, प्रतीकों और प्रशिक्षण से भी निर्धारित होता है।शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश की राजनीति में इस्लामी संगठनों और धार्मिक समूहों का प्रभाव बढ़ने की चर्चा लगातार हो रही है। लंबे समय तक अवामी लीग ने धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रवाद और 'जय बांग्ला' की भावना को राष्ट्रीय पहचान का आधार बनाया था। अब यदि सेना के भीतर धार्मिक पहचान को अधिक महत्व दिया जा रहा है तो यह उस वैचारिक परिवर्तन का हिस्सा माना जा सकता है जो देश की राजनीति और समाज में भी दिखाई दे रहा है। यदि इस्लामी संगठनों का प्रभाव बढ़ता है तो सेना सहित अन्य संस्थाओं पर भी उसका प्रभाव दिखाई देना स्वाभाविक माना जाता है। दूसरा कारण क्षेत्रीय शक्ति संतुलन है। बांग्लादेश आज चीन और पाकिस्तान के साथ अपने रक्षा संबंधों को मजबूत करने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है। रक्षा उपकरणों की खरीद, सैन्य प्रशिक्षण और संयुक्त अभ्यास इसी रणनीति का हिस्सा माने जाते हैं। इससे वह अपने रक्षा विकल्पों को व्यापक बनाना चाहता है ताकि किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भरता न रहे। तीसरा कारण भारत के साथ कुछ पुराने और नए विवाद भी हैं। सीमा पर अवैध घुसपैठ, सीमा सुरक्षा, जल बंटवारा, व्यापारिक असंतुलन तथा राजनीतिक बयानबाजी जैसे मुद्दों ने समय-समय पर दोनों देशों के संबंधों को प्रभावित किया है।

*वैभव लोढ़ा...*

### इतिहास में आज

1862- कलकत्ता उच्च न्यायालय का उद्घाटन हुआ।
1916- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की स्थापना हुई।
1940- ब्रिटिश सरकार ने सुभाषचन्द्र बोस को विद्रोह भड़काने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।
2004- भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने जकार्ता में आपसी बातचीत की।

*-धर्म चंद मेहता*

### क्रॉस फायर

- ❑ सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के आदेश पर लगाई रोक, अमेरिका में जन्मे बच्चों की नागरिकता बरकरार रहेगी।
- ◆ कोर्ट को भी मालूम पड़ गया राष्ट्रपति जी का खीसका हुआ है।
- ❑ पाकिस्तान के मंत्री बोले हमारे हिस्से का पानी रोकने वाले हाथों को काट देंगे।
- ◆ खिसियानी बिल्ली खम्मा नोचे।
- ❑ कॉकरोच जनता पार्टी का जंतर मंतर पर 11वें दिन भी प्रदर्शन जारी।
- ◆ ना छात्र थकेंगे ओर न सरकार घबराएगी।
- ❑ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद विवाद, 20% एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पर सरकार ने दी सफाई।
- ◆ सरकार ने गाड़ियां खराब करने का ठेका ले लिया है।।
- ❑ सुप्रीम कोर्ट का आसाराम को जमानत देने से इनकार।
- ◆ बाहर आगे क्या भजन करेंगे जेल में भजन करो।
- ❑ बंगाल में पेट्रोकेमिकल्स की पाइपलाइन में आग से 17 लोग झुलसे।
- ◆ खुद ध्यान रखो आपके जमीन के नीचे आग का दरिया तो नहीं।
- ❑ मुख्यमंत्री भजनलाल बोले राजस्थान की भविष्य की नींव है यमुना जल समझौता।
- ◆ जुलाई से अक्टूबर तक पानी मिलेगा, बाकी भजन करो।
- ❑ जयपुर में पंचना बंध विवाद पर दोनों पक्षों के किसान प्रतिनिधियों के बीच हाई लेवल मीटिंग हुई।
- ◆ कोई मानने को तैयार ही नहीं है।

*.............अंजू लोढ़ा*

### आज का राशिफल

**गुरुवार 02 जुलाई, 2026**

**मेष राशि:** आपकी कामयाबी में वृद्धि होगी। कुछ नए संपर्क स्थापित होंगे और आप कुछ प्रभावशाली लोगों से भी मिलेंगे। आज का दिन परिवार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।

**वृषभ राशि:** वित्तीय स्थिति में सुधार होगा लेकिन सावधानी से सोचने के बाद ही नई संपत्ति में निवेश करें। सतर्क रहें, हर किसी की बातों में आना बंद करें। अपनों के द्वारा धोखा मिलने से मन दुखी होगा।

**मिथुन राशि:** आज आप असीम दौलत के मालिक बन सकते हैं। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। परिवार के कार्यों में व्यय वृद्धि होगी। आज आपको कई वित्तीय फायदे हो सकते हैं।

**कर्क राशि:** किसी भी प्रकार के व्यापारिक निर्णय जिसमें आर्थिक जोखिम शामिल हो, उसके लिए समय उपयुक्त नहीं है। आप की मेहनत और सही मार्गदर्शन मिलने से सफल होंगे।

**सिंह राशि:** आर्थिक मामलों में समय लगातार प्रतिकूल बना हुआ है, अतः अत्यधिक सावधानी बरतें। किसी के बहकावे में न आएं। लंबित कार्य पूरे होंगे। स्वर्ण आभूषणों की प्राप्ति संभव है।

**कन्या राशि:** आपकी वित्तीय स्थिति में भी सुधार होगा और ऋण पर दिए गए पैसे भी आप जल्द ही वसूल कर पाएंगे। सही समय पर सही निर्णय लेना आप के हित में रहेगा।

**तुला राशि:** आप लाभ प्राप्त करने में सक्षम होंगे। कारोबार विस्तार के लिए बैंक से कर्ज लेना पड़ सकता है। आकस्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। गुम हुई वस्तु प्राप्त हो सकती है।

**वृश्चिक राशि:** आपके काम सफ़ल होंगे। किन्तु आपको थोड़ी सी सावधानी बरतनी होगी। माता-पिता द्वारा आप के किए कार्यों की अवहेलना होगी। कोर्ट व कचहरी में प्रतिकूलता मिलेगी।

**धनु राशि:** आज का दिन शुभ है। नौकरीपेशा जातकों को तरक्की मिलेगी। कुछ के वांछित स्थानांतरण भी हो सकता है। व्यवसायिक लाभ बढ़ेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

**मकर राशि:** वित्तीय व्यवहार और निवेश के साथ अधिक सतर्क और सावधान रहें क्योंकि दिन ज्यादा अनुकूल नहीं है, कमाई घट सकती है और धन अवरुद्ध हो सकता है। आजीविका के नए संसाधन स्थापित होंगे।

**कुम्भ राशि:** आर्थिक रूप से आप ठीक रहेंगे। आप के इष्टबल को मजबूत करें। मेहनत करें दूसरों पर विश्वास न करें। शत्रु बुरी तरह परास्त होंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**मीन राशि:** प्रेम संबंधों में लिप्त जातक अपने साथी की भावनाओं को पूर्ण रूप से महसूस कर पाएंगे। नौकरी चाहने वालों को सफल होने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने पड़ सकते हैं।



राजेन्द्र गुप्ता
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

नोट- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# दिल्ली : वायु प्रदूषण के साथ ओजोन प्रदूषण की चुनौती



ललित गर्ग



राजधानी दिल्ली वर्षों से वायु प्रदूषण की भयावह समस्या से जूझती रही है। हर सर्दी में धुंध की मोटी चादर, जहरीली हवा और दमघोंटू वातावरण राष्ट्रीय चिंता का विषय बनते हैं। अब तक इस संकट की चर्चा मुख्यत: पीएम 2.5, पीएम 10, पराली और वाहनों के धुएँ तक सीमित रही, लेकिन अब एक नया और अधिक खतरनाक खतरा तेजी से उभरकर सामने आया है-भूतलीय (ग्राउंड लेवल) ओजोन प्रदूषण। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की हालिया रिपोर्ट ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, जयपुर, चंडीगढ़ और अहमदाबाद जैसे शहर भी ओजोन प्रदूषण की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। यह प्रदूषण दिखाई नहीं देता, लेकिन इसके दुष्प्रभाव धीरे-धीरे मानव जीवन, कृषि और पर्यावरण को भीतर तक बीमार कर रहे हैं। विडम्बना यह है कि प्रदूषण जैसे गंभीर विषय को भी अक्सर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित कर दिया जाता है। कभी किसानों की पराली को संपूर्ण दोषी ठहरा दिया जाता है तो कभी केवल वाहनों को। जबकि वास्तविकता कहीं अधिक व्यापक है। यदि समस्या की जड़ तक पहुँचना है तो अनियोजित शहरीकरण, अंधाधुंध औद्योगिकीकरण, ऊर्जा उपभोग की वर्तमान व्यवस्था और विकास के मौजूदा मॉडल पर गंभीर पुनर्विचार करना होगा। दिल्ली आज केवल देश की राजधानी नहीं, बल्कि देश का सबसे बड़ा प्रदूषण हॉटस्पॉट भी बन चुकी है। गर्मियों में बढ़ते तापमान, तेज धूप और वाहनों एवं उद्योगों से निकलने वाली नाइट्रोजन ऑक्साइड तथा वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों की रासायनिक प्रतिक्रिया से भूतलीय ओजोन बनती है। यह वही ओजोन नहीं है जो वायुमंडल की ऊपरी परत में पृथ्वी को पराबैंगनी किरणों से बचाती है। धरातल पर बनने वाली ओजोन एक विषैली गैस है, जो फेफड़ों की कार्यक्षमता कम करती है, दमा के रोगियों की स्थिति बिगाड़ती है, आँखों में जलन पैदा करती है तथा हृदय रोगों का जोखिम बढ़ाती है। आज दिल्ली-एनसीआर में बड़ी संख्या में लोग सांस लेने में कठिनाई, एलर्जी और अस्थमा जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिनमें ओजोन प्रदूषण की भूमिका लगातार बढ़ रही है। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन, नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, चार्जिंग स्टेशन विकसित करने की योजना और पुराने प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने जैसे निर्णय निश्चित रूप से सकारात्मक हैं। यदि इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होता है तो आने वाले वर्षों में प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में सार्थक परिवर्तन देखने को मिल सकता है। लेकिन केवल वाहन नीति से समस्या का समाधान संभव नहीं है। वास्तविक संकट अनियोजित शहरीकरण का है। पिछले दो दशकों में दिल्ली और उससे लगे क्षेत्रों में जिस तेजी से खेत, तालाब और हरित क्षेत्र कंक्रीट के जंगलों में बदले हैं, उसने प्राकृतिक संतुलन को गहरा आघात पहुँचाया है। जहाँ कभी वर्षा का पानी धरती में समा जाता था, वहाँ अब सीमेंट और डामर की सतह है। पारंपरिक जलस्रोत मिट गए, पेड़ों की संख्या घटी और गर्मी बढ़ती गई। यही कारण है कि शहरों का तापमान आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक रहने लगा है। यही अतिरिक्त गर्मी ओजोन बनने की प्रक्रिया को और तेज करती है। आज महानगरों का विस्तार विकास का प्रतीक माना जाता है, लेकिन यह विकास प्रकृति की कीमत पर हो रहा है। शहरों को सड़कें चाहिए, बिजली चाहिए, आवास चाहिए, उद्योग चाहिए। इन सबके लिए खेत समाप्त हो रहे हैं, जंगल कट रहे हैं और जलस्रोत नष्ट हो रहे हैं। परिणामस्वरूप प्रदूषण केवल हवा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जल, मिट्टी और जैव विविधता भी प्रभावित हो रही है। विकास की यह दिशा अंतत: मानव जीवन के विरुद्ध खड़ी दिखाई देती है। दिल्ली में निजी वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सार्वजनिक परिवहन की उपलब्धता और गुणवत्ता अभी भी इतनी प्रभावी नहीं हो सकी कि लोग निजी वाहनों का त्याग करें। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना स्वागतयोग्य है, किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि बिजली यदि कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों से आएगी तो प्रदूषण केवल एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित होगा। इसलिए स्वच्छ ऊर्जा, सौर ऊर्जा और हरित परिवहन को समानांतर गति से बढ़ाना आवश्यक है। ओजोन प्रदूषण केवल मानव स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। यह कृषि उत्पादन को भी प्रभावित करता है। वैज्ञानिक अध्ययनों में पाया गया है कि ओजोन फसलों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित कर उत्पादन घटा देती है। ऐसे समय में जब जलवायु परिवर्तन, अनिश्चित मानसून और बढ़ती गर्मी पहले ही किसानों के सामने बड़ी चुनौती बने हुए हैं, ओजोन प्रदूषण कृषि संकट को और गहरा कर सकता है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक शहरों में वायु गुणवत्ता सुधारने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, किंतु अब समय आ गया है कि इसकी रणनीति का विस्तार किया जाए। केवल पार्टिकुलेट मैटर पर ध्यान देने के बजाय ओजोन जैसे द्वितीयक प्रदूषकों की निगरानी, वैज्ञानिक अध्ययन और नियंत्रण पर भी समान बल देना होगा। वायु गुणवत्ता निगरानी तंत्र को अधिक व्यापक, आधुनिक और पारदर्शी बनाना होगा। समस्या के समाधान में नागरिकों की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। कचरा जलाना, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, खुले में ईंधन जलाना, प्लास्टिक और औद्योगिक कचरे का अनुचित निस्तारण जैसी आदतों में परिवर्तन लाना होगा। अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, साइकिल और पैदल चलने की संस्कृति को बढ़ावा देना होगा। शहरों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, हरित पट्टियों का विकास और पारंपरिक जलस्रोतों का पुनर्जीवन भी प्रदूषण नियंत्रण की प्रभावी रणनीति का हिस्सा होना चाहिए। वायु प्रदूषण केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक संकट भी है। बढ़ती बीमारियाँ स्वास्थ्य व्यवस्था पर बोझ डालती हैं, कार्यक्षमता घटाती हैं

# आस्था की चौखट पर असुरक्षा




-प्रियंका सौरभ

भारत की सांस्कृतिक पहचान केवल उसके इतिहास, भाषाओं और परंपराओं से नहीं बनती, बल्कि उन आस्था-स्थलों से भी निर्मित होती है जिन्होंने सदियों से समाज को नैतिकता, सहअस्तित्व और सामुदायिक एकता का संदेश दिया है। मंदिर केवल पूजा-अर्चना के स्थान नहीं हैं; वे विश्वास, संस्कृति, लोकजीवन और सामाजिक सहभागिता के जीवंत केंद्र हैं। यहां लोग केवल ईश्वर के दर्शन करने नहीं आते, बल्कि अपने सुख-दुख साझा करने, मन की शांति पाने और जीवन के संघर्षों में आशा का संबल प्राप्त करने आते हैं। यही कारण है कि जब किसी मंदिर में चोरी होती है, तो उसका प्रभाव केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं रहता। यह करोड़ों लोगों की आस्था, सामाजिक विश्वास और सांस्कृतिक चेतना पर सीधा आघात होता है।बीते कुछ वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों से मंदिरों में दानपेटियां तोड़ने, नकदी चुराने, बहुमूल्य आभूषण गायब करने, प्राचीन मूर्तियों की तस्करी करने और धार्मिक सामग्री की चोरी जैसी घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। कई मामलों में अपराधियों ने आधुनिक तकनीक का उपयोग किया, जबकि कई घटनाओं में अंदरूनी मिलीभगत की आशंका भी सामने आई। यह स्थिति केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं है, बल्कि इस बात का संकेत भी है कि समाज के नैतिक मूल्यों और धार्मिक संस्थाओं की सुरक्षा व्यवस्था में कहीं न कहीं गंभीर कमी रह गई है। जिस स्थान को लोग सबसे सुरक्षित और पवित्र मानते हैं, यदि वही अपराधियों के लिए आसान लक्ष्य बनने लगे, तो यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। मंदिरों में चोरी को सामान्य संपत्ति-अपराध की श्रेणी में रखकर उसकी गंभीरता को कम नहीं आंका जा सकता। किसी दुकान, मकान या कार्यालय में चोरी आर्थिक क्षति पहुंचाती है, लेकिन मंदिर में चोरी विश्वास की जड़ों को भी कमजोर करती है। श्रद्धालु अपनी कमाई का एक हिस्सा ईश्वर के प्रति कृतज्ञता, सेवा और समाजहित की भावना से दान करते हैं। वे यह विश्वास रखते हैं कि उनका अर्पण धर्मार्थ कार्यों, सामाजिक सेवा और मंदिर व्यवस्था में उपयोग होगा। जब वही धन चोरी हो जाता है, तो केवल दानपेटी खाली नहीं होती, बल्कि श्रद्धालु के मन में भी संदेह और पीड़ा जन्म लेती है। यही कारण है कि मंदिरों में चोरी की घटनाएं समाज में सामान्य अपराधों की तुलना में कहीं अधिक भावनात्मक प्रतिक्रिया उत्पन्न करती हैं। ऐसी घटनाओं के पीछे कई कारण हैं। सबसे बड़ा कारण नकद दान की परंपरा है। आज भी देश के अधिकांश मंदिरों में बड़ी मात्रा में नकद चढ़ावा आता है। अनेक छोटे और मध्यम मंदिरों में दान की गणना, सुरक्षित भंडारण और बैंक में जमा करने की वैज्ञानिक व्यवस्था नहीं होती। कई बार दानपेटियां लंबे समय तक नहीं खोली जातीं, जिससे उनमें बड़ी मात्रा में नकदी जमा हो जाती है। यह स्थिति अपराधियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाती है। जहां सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हो और बड़ी मात्रा में नकद धन उपलब्ध हो, वहां अपराध की संभावना स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है। दूसरा महत्वपूर्ण कारण सुरक्षा व्यवस्था की अपर्याप्तता है। महानगरों के कुछ प्रसिद्ध मंदिरों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे, आधुनिक अलार्म सिस्टम, रात्रि सुरक्षा, प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मी और डिजिटल निगरानी जैसी व्यवस्थाएं या तो उपलब्ध नहीं हैं या केवल औपचारिक रूप से स्थापित हैं। कई कैमरे खराब पड़े रहते हैं, रिकॉर्डिंग का बैकअप सुरक्षित नहीं होता और नियमित निगरानी भी नहीं की जाती। अपराधी इन कमियों का अध्ययन कर योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम देते हैं। प्रबंधन संबंधी कमजोरियां भी ऐसी घटनाओं को बढ़ावा देती हैं।

अनेक मंदिरों का संचालन पारंपरिक ढंग से होता है, जहां वित्तीय जवाबदेही और प्रशासनिक पारदर्शिता के स्पष्ट मानक नहीं बने हैं। दान की गणना, लेखा-जोखा, व्यय और भंडारण की प्रक्रिया कई बार व्यवस्थित नहीं होती। जहां जवाबदेही कमजोर होती है, वहां गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की संभावना बढ़ जाती है। कुछ मामलों में चोरी बाहरी अपराधियों द्वारा नहीं, बल्कि अंदरूनी मिलीभगत से भी की जाती है। यह स्थिति अधिक चिंताजनक इसलिए है क्योंकि इससे संस्था के भीतर का विश्वास भी टूटता है। सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियां भी इस समस्या से जुड़ी हुई हैं। बेरोजगारी, नशे की लत, कर्ज का बोझ, त्वरित धन कमाने की मानसिकता और नैतिक मूल्यों का ह्रास कुछ लोगों को अपराध की ओर धकेलता है। हालांकि इन कारणों के आधार पर किसी भी अपराध का औचित्य सिद्ध नहीं किया जा सकता। मंदिरों में चोरी केवल आर्थिक मजबूरी का परिणाम नहीं होती; अनेक मामलों में यह संगठित अपराध, मूर्ति तस्करी और पेशेवर गिरोहों की सुनियोजित गतिविधि होती है। विशेष रूप से प्राचीन मूर्तियों और दुर्लभ धार्मिक कलाकृतियों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवैध मांग भी ऐसे अपराधों को बढ़ावा देती है। मंदिर में चोरी का सबसे गहरा प्रभाव श्रद्धालुओं की भावनाओं पर पड़ता है। जब कोई व्यक्ति अपने परिवार की खुशहाली, बच्चों के भविष्य, स्वास्थ्य या किसी मनोकामना की पूर्ति के लिए श्रद्धापूर्वक दान करता है, तो वह केवल धन नहीं देता, बल्कि अपना विश्वास भी समर्पित करता है। यदि वही विश्वास असुरक्षित महसूस करने लगे तो समाज में धार्मिक संस्थाओं के प्रति संदेह बढ़ने लगता है। कई लोग दान देने से हिचकने लगते हैं, मंदिर समितियों पर प्रश्न उठने लगते हैं और स्थानीय स्तर पर आरोप-प्रत्यारोप का वातावरण बन जाता है। इस प्रकार एक चोरी केवल धन का नुकसान नहीं करती, बल्कि सामाजिक सौहार्द और सामुदायिक एकता को भी प्रभावित करती है। धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को केवल धार्मिक विषय मानना भी पर्याप्त नहीं है। यह सार्वजनिक नीति, प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रश्न है। जिस प्रकार बैंक, संग्रहालय, विद्यालय और सार्वजनिक संस्थानों के लिए सुरक्षा के मानक निर्धारित होते हैं, उसी प्रकार मंदिरों के लिए भी न्यूनतम सुरक्षा मानक तय किए जाने चाहिए।

## यूपी चुनाव में राम मंदिर चढ़ावा चोरी की धमाकेदार एंट्री



बाल मुकुन्द ओझा

देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव जैसे जैसे नजदीक आते जा रहे है वैसे वैसे नये नये चुनावी मुद्दों की धमाकेदार एंट्री होती जा रही है। इनमें सबसे ताज़ा अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा चोरी का है। इसे लेकर यूपी की सियासत बेहद आक्रामक हो गई है। राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी का मामला अब उत्तर प्रदेश की राजनीति का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव ने इसे भाजपा से जोड़ा है तो कांग्रेस ने आर एस एस पर निशाना साधा है। राम मंदिर में गबन का मुद्दा सबसे पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उठाया था. ऐसे में कांग्रेस भी इस मुद्दे के जरिए बीजेपी को लगातार घेरने में जुटी है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है एस आई टी जाँच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बक्सा नहीं जायेगा। बहरहाल यह किसी से छिपा नहीं है कि राम मंदिर में योजनाबद्ध ढंग से चढ़ावा चोरी हो रही थी। ट्रस्ट को कुछ माह पूर्व चोरी का पता चल गया था मगर कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ट्रस्ट के सचिव चम्पत राय से पुलिस ने पूछताछ की उसमें कई बातों का खुलासा हुआ। आठ कर्मचारियों की धरपकड़ कर जेल भेजा गया है मगर विपक्ष इससे संतुष्ट नहीं है। विपक्ष राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों की मिलीभगत का आरोप लगाकर कार्यवाही की मांग कर रहा है। हालाँकि यह तो जाँच से ही पता चलेगा कि असली दोषी कौन है मगर राम मंदिर की सीढ़ी पर सत्ता सुख भोगने वाली भाजपा के समक्ष चढ़ावा चोरी का यह मामला गले की फ़ांस बन गया है। आमजन भी दुखी है और असली चोरों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग कर रहा है। चढ़ावा चोरी से देश के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंची है, बल्कि 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़ा सियासी तूफान भी खड़ा कर दिया है। साथ ही अब यह तय है की राम मंदिर चढ़ावा चोरी यूपी चुनाव का एक प्रमुख मुद्दा बन गया है। इसके साथ ही अफवाहों ने भी आग में घी का काम किया है। तरह तरह की चोरी के आरोप लग रहे है। जो चीजे चोरी नहीं हुई, उन्हें भी गायब बताया जा रहा है। कहा जाता यूपी की सियासत में 'दिल्ली की सत्ता का रास्ता लखनऊ से होकर गुजरता है', यह केवल कहावत ही नहीं है अपितु भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी हकीकत है। प. जवाहर लाल नेहरू से लेकर नरेंद्र मोदी तक, इतिहास गवाह है कि जिसने यूपी जीता, उसने हिंदुस्तान जीत लिया । यह भी कहा जाता है, जिसने उत्तर प्रदेश में अच्छा प्रदर्शन किया उसके दिल्ली पहुंचने के रास्ते आसान हो जाते हैं। इसीलिए भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अपनी चुनावी रणनीति को धार देना शुरु कर दिया है। विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से जोड़-तोड़ और कयासों का दौर शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने अपनी सत्ता बचाने और भाजपा की हैट्रिक लगाने की चुनौती है, तो वहीं समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव पीडीए के फॉर्मूले के दम पर सत्ता में वापसी की हर संभव कोशिश में जुटे हैं। यूपी की जनता ही तय करती है की देश की हवा किस ओर बहती है। यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से जोड़-तोड़ और कयासों का दौर शुरू हो चुका है। इसी के मधे नज़र गठजोड़ बनने बिगड़ने शुरू हो गए है। बात बात पर नेताओं ने चुनाव में देख लेने की धमकिया देनी शुरू कर दी है। यूपी में साढ़े नौ साल से भाजपा सत्तारूढ़ है और योगी आदित्यनाथ के पास सत्ता की कमान है। भाजपा तीसरे टर्म के लिए जी तोड़ कोशिश में लगी है।

## पीओके में बढ़ता जनाक्रोश पाकिस्तान की नीतियों पर उठते सवाल सीमा खोलने की मांग और पानी के संकट से गहराता असंतोष



कांतिलाल मांडोत

पाक अधिकृत कश्मीर यानी पीओके में पिछले कुछ समय से हालात लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। महंगाई बेरोजगारी बिजली संकट खाद्यान्न की कमी और प्रशासनिक उपेक्षा जैसे मुद्दों ने आम लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। इन समस्याओं के कारण जनता का गुस्सा अब खुलकर सड़कों पर दिखाई देने लगा है। हाल के दिनों में रावलकोट सहित कई क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन और रैलियां हुई हैं जिनमें लोगों ने पाकिस्तान सरकार और सेना के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। कई स्थानों पर यह भी कहा गया कि कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा नहीं माना जा सकता और लोगों को अपने भविष्य का फैसला स्वयं करने का अधिकार मिलना चाहिए। इन घटनाओं ने यह संकेत दिया है कि पीओके में असंतोष केवल आर्थिक मुद्दों तक सीमित नहीं रहा बल्कि अब राजनीतिक और सामाजिक स्वरूप भी लेता जा रहा है। पीओके के लोगों का सबसे बड़ा दर्द लगातार बढ़ती महंगाई है। रोजमर्रा की जरूरत का सामान आम लोगों की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। आटा दाल तेल सब्जियां और अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम तेजी से बढ़े हैं। बिजली की भारी कमी के कारण लंबे समय तक कटौती होती है जबकि इसी क्षेत्र से बड़ी मात्रा में जलविद्युत उत्पादन भी होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनके संसाधनों का लाभ दूसरे क्षेत्रों को मिलता है लेकिन उन्हें स्वयं मूलभूत सुविधाएं भी पर्याप्त नहीं मिलतीं। बेरोजगारी की स्थिति गंभीर है और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर लगातार कम होते जा रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी लंबे समय से शिकायतें सामने आती रही हैं। सड़कें संचार और अन्य बुनियादी सुविधाएं भी कई इलाकों में कमजोर हैं जिससे लोगों में उपेक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। इन समस्याओं के विरोध में लंबे समय से चल रहे आंदोलन ने अब बड़ा स्वरूप ले लिया है। रावलकोट के दिगाह मैदान में आयोजित विशाल रैली में हजारों लोग शामिल हुए। रैली के दौरान पाकिस्तान सरकार और सेना की नीतियों की खुलकर आलोचना की गई। मंच से यह कहा गया कि यदि लोगों की आवाज को दबाने और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति रोकने का प्रयास जारी रहा तो स्थानीय लोग भारत की ओर जाने वाली सीमाएं खोलने की मांग कर सकते हैं। आंदोलन से जुड़े नेता अमन खान ने कहा कि यदि जनता को भोजन और जरूरी सुविधाओं से वंचित किया गया तो लोगों के पास दूसरे विकल्प तलाशने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। रैली में यह नारा भी लगाया गया कि कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। इस बयान ने पूरे क्षेत्र में नई राजनीतिक चर्चा को जन्म दिया है। सीमा खोलने की मांग को लेकर हो रही चर्चा इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यह केवल राजनीतिक नारा नहीं बल्कि जनता की बढ़ती निराशा का प्रतीक माना जा रहा है। आंदोलन से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि स्थानीय लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे अपने हितों की रक्षा के लिए नए रास्तों पर विचार करेंगे। हालांकि इस प्रकार के बयानों का भविष्य क्या होगा यह कहना अभी जल्दबाजी होगी लेकिन इतना स्पष्ट है कि पीओके में लोगों के धैर्य की परीक्षा अब लंबे समय तक नहीं चल सकती। दूसरी ओर पाकिस्तान सरकार पर आरोप लग रहे हैं कि वह जनता की शिकायतों का समाधान करने के बजाय विरोध की आवाज को दबाने में लगी हुई है। आंदोलन से जुड़े कई नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। कुछ पर आतंकवाद निरोधी कानूनों के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।




## ऑटिज़्म प्रभावित बच्चों के लिए सामग्री उपलब्ध कराई

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** रोटरी क्लब ऑफ जोधपुर गरिमा ने समाज सेवा के तहत राहत लर्निंग फाउंडेशन के विशेष शिक्षा एवं थेरेपी सेंटर को आवश्यक आधारभूत संरचना एवं आधुनिक थेरेपी उपकरण उपलब्ध कराकर ऑटिज़्म से प्रभावित बच्चों के पुनर्वास और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

यह केंद्र ऑटिज़्म से प्रभावित बच्चों को एक ही स्थान पर व्यवहार चिकित्सा (बिहेवियर थेरेपी), स्पीच थेरेपी, भाषा एवं संचार प्रशिक्षण, फिजियोथेरेपी, ऑक्युपेशनल थेरेपी, विशेष शिक्षा तथा अभिभावक मार्गदर्शन जैसी समग्र सेवाएं प्रदान कर रहा है, जिससे बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास को गति मिलती है।

रोटरी क्लब ऑफ जोधपुर गरिमा की ओर से केंद्र को फर्नीचर, बडी थेरेपी चेयर, विभिन्न थेरेपी उपकरण, सेंसरी टॉयज़, शैक्षणिक सामग्री सहित अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए।

वर्तमान में इस केंद्र में 29 ऑटिज़्म प्रभावित बच्चों को सेवाएं दी जा रही हैं, जहां तीन समर्पित थेरेपिस्ट एवं विशेष शिक्षकों की टीम उनके सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# भारत की भाषाई विविधता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति : प्रो.पांडा



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित ओड़िया की सुप्रसिद्ध कवयित्री प्रो. गायत्रीबाला पांडा ने कहा है कि भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति और पहचान है।

वे मंगलवार को यहां उनके सम्मान में कथा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्थान की ओर आयोजित एक साहित्यिक गोष्ठी को संबोधित कर रही थीं।

इस अवसर उन्होंने साहित्य अकादेमी से पुरस्कृत अपनी उड़िया काव्य कृति 'दयानदी' के राजस्थानी अनुवाद के लिए सुप्रतिष्ठ राजस्थानी साहित्यकार, कवि एवं अनुवादक मीठेश निर्मोही का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अनुवाद केवल भाषा का नहीं, बल्कि संस्कृति, संवेदना और जीवन-दृष्टि का भी रूपांतरण है। एक भाषा की आत्मा को दूसरी भाषा में सजीव बनाए रखना अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसे मीठेश निर्मोही ने अपनी संवेदनशीलता, समर्पण और साहित्यिक दक्षता सफलतापूर्वक निभाया है।

यहां उम्मेद चौक स्थित राजोला भवन में प्रख्यात शायर एवं उपन्यासकार हबीब कैफ़ी की अध्यक्षता में आयोजित इस गोष्ठी में अपने संबोधन में प्रो. (डॉ.) पांडा ने यह भी कहा कि राजस्थान सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध प्रदेश है। जोधपुर की अपनी पहली यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यहां की संस्कृति, इतिहास और आत्मीयता का अनुभव उनके लिए अत्यंत सुखद एवं अविस्मरणीय रहा। उन्होंने कथा संस्थान की ओर से किए गए सम्मान के लिए कथा संस्थान,उस से जुड़े साहित्यकारों और साहित्य प्रेमियों के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

इस अवसर पर उन्होंने अपने चर्चित काव्य-संग्रह 'दयानदी' से कविता 'दयानदी' तथा तथा अपनी अन्य तीन चर्चित कविताओं 'देवीपीठ', 'कुंभमेला' और 'आदिवासी' शीर्षक कविताओं का प्रभावपूर्ण पाठ किया। उपस्थित श्रोताओं ने उनकी कविताओं में निहित मानवीय सरोकारों, सांस्कृतिक चेतना तथा प्रकृति-बोध तथा मीठेश निर्मोही द्वारा प्रस्तुत 'दया नदी' शीर्षक कविता के राजस्थानी अनुवाद, गोष्ठी के अध्यक्ष हबीब कैफ़ी की की ग़ज़ल हो सकता है कल पढ़े अख़बार में/इश्क़ बिकने आया है बाजार में, राजस्थान साहित्य अकादमी से पुरस्कृत डॉ.पद्मजा शर्मा के गीत- 'बिटिया कैसे धरूं मैं अब धीर ' दशरथ कुमार सोलंकी ने'सत्य के साथ छल' तथा कुलदीप भाटी ने 'प्रूफ रीडर और हाशिए के लोग 'शीर्षक, कमलेश तिवारी,जितेन्द्र जालोरी आदि ने अपनी प्रतिनिधि कविताओं का पाठ किया जिसे खूब सराहा गया।

इससे पूर्व कथा संस्थान के सचिव साहित्यकार मीठेश निर्मोही ने अतिथि साहित्यकार प्रो. (डॉ.) गायत्रीबाला पांडा को शॉल ओढ़ाकर तथा उपस्थित सभी साहित्यकारों ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया।कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी के पूर्व केन्द्र निदेशक एवं साहित्यकार डॉ. कालूराम परिहार ने किया।



## रेलवे ठेकेदार संघ ने नवपदस्थ अधिकारियों का किया स्वागत

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में नवपदस्थ अधिकारियों के पदभार ग्रहण करने एवं पदोन्नति के अवसर पर रेलवे ठेकेदार संघ की ओर से स्वागत एवं सम्मान किया गया। समारोह में मंडल अभियंता (पश्चिम) के पद पर पदभार ग्रहण करने वाले संजय पुनिया एवं वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक के रूप में कार्यभार संभालने वाले पिंटूलाल मीणा का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने दोनों अधिकारियों को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में जोधपुर मंडल में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और रेलवे परियोजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होगा। इसके साथ ही सीनियर डीईएन कोऑर्डिनेशन मनोहर सिंह की पदोन्नति पर भी उनका साफा एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। संघ के प्रतिनिधियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर रेलवे एवं ठेकेदारों के बीच बेहतर समन्वय, गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य तथा समयबद्ध परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर रेलवे ठेकेदार संघ की ओर से दिनेश छंगाणी, अमित, रजब अली, डॉ. हितेश डागा, आदित्य अग्रवाल, सूरज प्रजापत, अनामी देव छंगाणी सहित अनेक ठेकेदार एवं संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

## डॉक्टर्स डे पर एमडीएम हॉस्पिटल में किया पौधारोपण




**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर आज एमडीएम अस्पताल की गैस्ट्रो बिल्डिंग के सामने एवं पीजी हॉस्टल के बाहर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संदेश देते हुए कार्यक्रम में लगभग 15 फीट ऊंचाई के 11 पौधों का रोपण किया गया। ये सभी पौधे पर्यावरण प्रेमी एवं भामाशाह प्रमोद धानदिया द्वारा डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में भेंट किए गए। समाजसेवी भवानी शंकर नायक एवं देवराज चौहान ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अस्पताल अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित के नेतृत्व में समारोह आयोजित हुआ, जिसमें अस्पताल के चिकित्सकों ने सेवा ही सर्वोपरि के भाव के साथ वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित ने वृक्षारोपण करते हुए आमजन से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण का प्रतीक है। एक चिकित्सक स्वयं कठिन परिस्थितियों में रहकर भी हजारों लोगों के जीवन की रक्षा करता है। इसी प्रकार हमें प्रकृति की रक्षा के लिए भी अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. हरीश अग्रवाल, न्यूरो फिजिशियन डॉ. नवीन सीरवी, नर्सेज एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश जाट ने भी वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से इस मानसून में अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया।

# मनचलों को पकडने सादा कपड़ों में तैनात होगी पुलिस

### कालिका पेट्रोलिंग यूनिट शिक्षण संस्थान, मॉल व पार्क में रखेगी पैनी नजर, महिला सुरक्षा संकल्प कार्यक्रम शुरू





**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करने और उनमें जागरूकता बढ़ाने के लिए आज से महिला सुरक्षा संकल्प कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पुलिस लाइन में डीसीपी वेस्ट कमल शेखावत ने इस अभियान की शुरुआत की। जोधपुर पश्चिम जिला पुलिस द्वारा पूरे महीने की विभिन्न तारीखों को महिला सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अभियान के पहले दिन सेल्फ डिफेंस प्राप्त प्रतिभागियों के साथ एक विशेष ऑनलाइन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य ध्येय सुरक्षित नारी, सशक्त नारी था। डीसीपी वेस्ट कमल शेखावत ने बताया कि पूरे माह महिला सुरक्षा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। पुलिस मुख्यालय जयपुर के निर्देश पर जोधपुर पश्चिम जिले में प्रत्येक बुधवार को विशेष कार्यक्रम होंगे। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीरज शर्मा के पर्यवेक्षण में हर बुधवार को विभिन्न स्थानों पर महिलाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण, महिला सुरक्षा योजनाओं, हेल्पलाइन नंबरों व साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी जाएगी।

#### यह होंगे आयोजन

महिला सुरक्षा संबंधी योजनाओ की जानकारी, महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण के बारे में जानकारी, हर स्तर पर महिला सुरक्षा जागरूकता बढाने, हेल्पलाइन की जानकारी देना तथा एकल बुजुर्ग महिला एवं एकल बुजुर्ग दम्पतियों के घर जाकर मुलाकात करना, स्टेक होल्डर के साथ संवाद के साथ ही सरकारी-निजी विद्यालय एवं महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओ से ऑनलाइन संवाद कर महिला संबंधी योजनाओं व हेल्पलाइन ऐप इत्यादि के बारे मे जानकारी प्रदान की जाएगी। अभियान के दौरान कालिका पेट्रोलिंग यूनिट, एन्टी रोमियों स्क्वायड् द्वारा सिटी बस, पर्यटक स्थल, कॉलेज, विद्यालयों के बाहर, मॉल, पार्क एवं भीड़भाड़ वाले हॉटस्पॉट पर असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सादा वस्त्रों में डिकॉय ऑपरेशन किया जाएगा। अकेले रहने वाली बुजुर्ग महिलाओं और बुजुर्ग दंपतियों के घर जाकर पुलिस उनसे मुलाकात करेगी और उनका हालचाल जानेगी।

## हिंदी आत्मकथा: स्वरूप एवं परंपरा का विमोचन 5 को

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद की ओर से 5 जुलाई को सुबह 11.30 बजे गांधी भवन में डॉ. संपत राज सेन की पुस्तक हिंदी आत्मकथा: स्वरूप एवं परंपरा का विमोचन किया जाएगा। परिषद की अध्यक्ष गीता भट्टाचार्य एवं महामंत्री डॉ. पद्मजा शर्मा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं आलोचक डॉ. बजरंग बिहारी तिवारी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कौशलनाथ उपाध्याय करेंगे। सारस्वत अतिथि डॉ. किशोरी लाल रैगर तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. विकास नौटियाल रहेंगे। इस अवसर पर हिंदी आत्मकथा साहित्य की परंपरा, विकास, स्वरूप और विभिन्न आयामों पर चर्चा होगी। यह कृति हिंदी साहित्य के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और साहित्य प्रेमियों के लिए उपयोगी मानी जा रही है।

## डॉ. यशपाल मीणा ने संभाला लेखांकन विभागाध्यक्ष का कार्यभार



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय (जेएनवीयू) में डॉ. यशपाल मीणा ने लेखांकन विभाग के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा के निर्देशन में उन्हें विभागाध्यक्ष नियुक्त करते हुए लेखांकन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों में उत्साह का माहौल रहा। विद्यार्थियों ने डॉ. मीणा का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. यशपाल मीणा ने कुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने विभाग के समग्र विकास तथा शिक्षण एवं शैक्षणिक गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प भी व्यक्त किया। इस दौरान वाणिज्य संकाय के प्रो. सुनील मेहता, डॉ. सुमित राज, डॉ. क्षितिज महर्षि, डॉ. अनिल वर्मा, प्रो. महेंद्र कुमार सामरिया, डॉ. मागुराम, डॉ. केए गोयल, खालिद भाटी, डॉ. अशोक, डॉ. उम्मेद राज तातेड़ सहित अन्य शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने साफा पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

# संगीतमय भागवत कथा का भक्ति भाव से समापन

### आध्यात्मिक संदेशों के साथ पारिवारिक एकता, संस्कार और नशा मुक्ति का दिया संदेश



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** आशापूर्णा सिटी स्थित आशापूर्णा माता मंदिर (प्रथम फेज) में आयोजित पांच दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में समापन हुआ। कथा का वाचन एवं प्रवचन श्री स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर जोधपुर के संत योगी प्रेम स्वामी महाराज के श्रीमुख से हुआ। समापन अवसर पर अक्षरधाम मंदिर के कोठारी स्वामी सहित अन्य संत भी उपस्थित रहे। आयोजन समिति के किशन बंसल ने बताया कि कथा का शुभारंभ 26 जून को द्वितीय फेज स्थित शिव मंदिर से कथा स्थल तक निकाली गई कलश यात्रा के साथ हुआ। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा में भाग लिया। यात्रा से पूर्व कलश एवं श्रीमद्भागवत की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कथा के दौरान योगी प्रेम स्वामी ने वेदव्यास द्वारा श्रीमद्भागवत की रचना, सुखदेव द्वारा राजा परीक्षित को भागवत श्रवण, दक्ष प्रजापति का अहंकार, ध्रुव एवं ऋषभदेव की कथाएं, हिरण्यकशिपु और भक्त प्रह्लाद, भगवान नरसिंह अवतार, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव तथा भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन चरित्र सहित अनेक आध्यात्मिक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने पारिवारिक एकता, बाल संस्कार, नशा मुक्ति, भगवान के प्रति श्रद्धा, जीवन में दुखों के कारण, आदर्श माता-पिता की भूमिका तथा सुखी जीवन के सूत्रों पर भी प्रेरक प्रवचन दिए। साथ ही भागवत के सिद्धांतों को व्यवहारिक जीवन में अपनाने और श्री स्वामीनारायण भगवान के जीवन दर्शन पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। समापन समारोह में कॉलोनी अध्यक्ष बुद्धाराम पटेल, राणाराम, मंदिर के पुजारी संदीप, रोशनलाल गर्ग, तरसेम जिंदल, पी.डी. बंसल, दिलीप बंसल, सचिन गर्ग, सुशील गर्ग, विनोद बंसल, एलपी वैष्णव, प्रेम सिंगल, भगवान सिंह राजपुरोहित, प्रदीप अग्रवाल, पन्नाराम, गजेंद्र सिंह, भोपाल सिंह, धर्मेंद्र ओझा, रणछोड़दास पटेल, दुर्गाराम पन्ना, चेतन गोयल, सुरेंद्र बंसल सहित कॉलोनीवासियों ने योगी प्रेम स्वामी, कोठारी स्वामी एवं अन्य संतों का स्वागत एवं सम्मान किया।

## यशवंतपुर-बीकानेर रेलसेवा का बिरूर स्टेशन पर अस्थाई ठहराव

**जोधपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए यशवंतपुर-बीकानेर-यशवंतपुर (द्वि-साप्ताहिक) रेलसेवा का बिरूर स्टेशन पर अस्थाई ठहराव की अवधि में दो माह का विस्तार किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के अनुसार गाड़ी संख्या 16587/16588, यशवंतपुर-बीकानेर-यशवंतपुर (द्वि-साप्ताहिक) रेलसेवा का बिरूर स्टेशन पर अस्थाई ठहराव की अवधि में तीस सितंबर तक विस्तार किया जाता है।

## सर्किट हाउस में 58.24 लाख की लागत से बनेगा वीआईपी कॉन्फ्रेंस हॉल

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जोधपुर सर्किट हाउस में पहली बार आधुनिक सुविधाओं से युक्त वीआईपी कॉन्फ्रेंस हॉल बनाया जाएगा। करीब 58.24 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस प्रोजेक्ट में कॉन्फ्रेंस हॉल के साथ वीआईपी जिम भी विकसित किया जाएगा। इसके तैयार होने के बाद अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को बैठकों के लिए पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर स्थित मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर नहीं जाना पड़ेगा। वर्तमान में सर्किट हाउस में ठहरने वाले मंत्री, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की बैठकें आयोजित करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें शहर के अन्य संस्थानों का सहारा लेना पड़ता है। इससे समय के साथ-साथ प्रशासनिक समन्वय पर भी असर पड़ता है। नए कॉन्फ्रेंस हॉल के निर्माण से सभी महत्वपूर्ण बैठकें एक ही परिसर में आयोजित की जा सकेंगी, जिससे समय और संसाधनों दोनों की बचत होगी। प्रस्तावित कॉन्फ्रेंस हॉल को आधुनिक ऑडियो-वीडियो सिस्टम, आरामदायक बैठक व्यवस्था, वातानुकूलन और अन्य आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा।

# आसाराम को इलाज के लिए एक महीने की और मोहलत

### *आरोग्यम अस्पताल में जारी रहेगा आयुर्वेदिक उपचार, हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य रिपोर्ट तलब की*



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** अपने ही आश्रम की नाबालिग छात्रा से यौन उत्पीडऩ के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगने के ठीक एक दिन बाद राजस्थान हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने आसाराम को इलाज के लिए एक महीने का समय और दे दिया है। वर्तमान में आसाराम पाली रोड स्थित आरोग्यम अस्पताल में आयुर्वेदिक तरीके से अपना इलाज करवा रहा हैं।

दरअसल इलाज की अवधि को आगे बढ़ाने के लिए आसाराम की तरफ से कोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी।

इस याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस कुलदीप माथुर की बेंच ने उनकी मांग को स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही कोर्ट ने राजस्थान सरकार को नोटिस जारी कर चार हफ्ते के भीतर जवाब मांगा है और सरकार से आसाराम के स्वास्थ्य को लेकर एक विस्तृत रिपोर्ट भी पेश करने को कहा है।

बता दे कि यौन उत्पीडऩ के मामले में दोषी पाए जाने के बाद से आसाराम जेल में बंद हैं। उन्होंने अपनी सजा के खिलाफ और खराब सेहत का हवाला देकर जमानत की गुहार लगाई थी। पिछले करीब दो साल से उन्हें लगातार अंतरिम राहत मिल रही थी, लेकिन गत दो जून को राजस्थान हाईकोर्ट ने इसे आगे बढ़ाने से साफ मना कर दिया था। राहत खत्म होने के बाद आसाराम को दोबारा सरेंडर कर जेल जाना पड़ा था। हालांकि, जेल जाने के बाद स्वास्थ्य बिगडऩे का हवाला देकर उसने अस्पताल में भर्ती होने की इजाजत मांगी थी, जिसके बाद से आरोग्यम अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# उंगली में लगी मामूली चोट के बाद मरीज की निजी अस्पताल में मौत

## परिजनों ने लगाया चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप






**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पाल लिंक रोड शांतिप्रिय नगर स्थित एक निजी अस्पताल में मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गई। उसकी मौत के बाद परिजनों ने चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। इस संबंध में देवनगर थाने में भी एक परिवाद दिया है। जिस पर पुलिस ने जांच आरंभ की है। बताया गया है कि मरीज के हाथ की उंगली में चोट लगी थी, उसका इलाज शुरू ही किया गया था, कि कुछ देर बाद मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार देचू के कलाउ गांव निवासी 45 साल के संतोष पुरी पुत्र दानपुरी गोस्वामी को परिजन हाथ की उंगली में लगी चोट को लेकर पाल लिंक रोड पर शांतिप्रिय नगर स्थित राज अस्पताल में मंगलवार को दोपहर में उपचार के लिए लाए थे। खेत में काम करते समय उनकी उंगली में चोट लग गई थी, जिसके बेहतर इलाज के लिए वे जोधपुर के हॉस्पिटल आए थे। संतोष पुरी की शारीरिक स्थिति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वे फलोदी से जोधपुर तक का लगभग 120 किलोमीटर का सफर खुद अपनी मर्जी से तय करके आए थे। उन्होंने खुद लगभग 50 किलोमीटर तक बिना किसी परेशानी के मोटरसाइकिल चलाई। अस्पताल पहुंचने के बाद खुद चलकर काउंटर पर गए, रजिस्ट्रेशन कराया और डॉक्टरों से परामर्श लिया। उन्होंने खुद खड़े रहकर बिना किसी सहारे के एक्स-रे करवाया और ब्लड टेस्ट के लिए सैंपल दिए। शुरुआती जांच और एक्स-रे रिपोर्ट देखने के बाद डॉक्टरों ने परिजनों को आश्वस्त किया कि घबराने की कोई बात नहीं है। यह एक बेहद नॉर्मल केस है और उंगली को ठीक करने के लिए एक छोटा सा ऑपरेशन करना पड़ेगा। परिजनों ने बिना देरी किए ऑपरेशन के लिए अपनी सहमति दे दी। सहमति मिलने के बाद स्टॉफ ने संतोष पुरी को ऑपरेशन थिएटर में शिफ्ट कर दिया। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन थिएटर में मरीज को एक इंजेक्शन लगाया गया, जिसके चंद मिनटों के भीतर ही उनकी तबीयत बिगडने् लगी। इसके तुरंत बाद डॉक्टरों ने उन्हें मौत की खबर दे दी।

### परिजनों ने उठाए गंभीर सवाल

संतोष पुरी के परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा जो व्यक्ति खुद बाइक चलाकर अस्पताल आया हो, उसकी केवल उंगली की चोट के कारण 20 मिनट में मौत कैसे हो सकती है? परिजनों को संदेह है कि बिना किसी सीनियर डॉक्टर की निगरानी के कोई गलत इंजेक्शन लगा दिया गया या फिर एनेस्थीसिया का ओवरडोज दे दिया गया। मौत के बाद जब परिजनों ने अस्पताल प्रशासन से ऑपरेशन थिएटर के बाहर और परिसर की सीसीटीवी फुटेज दिखाने की मांग की, तो प्रबंधन ने साफ इनकार कर दिया। परिजनों का आरोप है कि लापरवाही छिपाने के लिए कैमरों के साथ छेड़छाड़ की गई है। डॉक्टर्स का कहना है कि उसके हाथ की चोट का उपचार शुरू ही किया जाने वाला था कि मरीज की मौत हो गई। जबकि परिजन का आरोप था कि चिकित्सकीय लापरवाही से मरीज की मौत हुई है। देवनगर थानाधिकारी सोमकरण ने बताया कि मृतक के परिजन की तरफ से दिए गए परिवाद पर जांच की जा रही है।

## राजकीय आईटीआई में प्रवेशोत्सव शुरू

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय आईटीआई जोधपुर में एनसीवीटी/एससीवीटी प्रवेशोत्सव प्रारम्भ हो चुका है। इस संबंध में तकनीकी शिक्षा निदेशालय (प्रशिक्षण) द्वारा विभागीय विज्ञप्ति जारी की गई है।

राजकीय आईटीआई जोधपुर में वर्तमान में 22 व्यवसायों, जैसे मैकेनिक डीजल, मैकेनिक मोटर व्हीकल, टर्नर, फिटर, वेल्डर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, स्टेनोग्राफर, कारपेंटर आदि में प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जोधपुर जिले के 20 राजकीय आईटीआई संस्थानों में विभिन्न व्यवसायों में नियमानुसार प्रवेश दिए जाएंगे। आठवीं एवं दसवीं उत्तीर्ण पात्र अभ्यर्थी कौशल प्रशिक्षण के अंतर्गत रोजगारपरक व्यवसायों में प्रवेश हेतु एक ही आवेदन के माध्यम से विभिन्न संस्थानों एवं व्यवसायों के विकल्प भरकर आवेदन कर सकते हैं। संस्थान के उपनिदेशक एवं जोधपुर जिला नोडल अधिकारी के.एम. जांगिड़ ने बताया कि आईटीआई में एक एवं दो वर्षीय कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से तकनीकी क्षेत्र में रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने प्रवेश के इच्छुक युवाओं से 16 जुलाई की अंतिम तिथि से पूर्व आवेदन कर लाभान्वित होने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि प्रवेश आरक्षण नियमों, मेरिट तथा अभ्यर्थी द्वारा चयनित विकल्पों के आधार पर किया जाएगा। साथ ही राज्य सरकार द्वारा महिला अभ्यर्थियों के लिए प्रशिक्षण शुल्क नि:शुल्क रखने का प्रावधान भी किया गया है।


**कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर (राज.) 345001**

क्रमांक/भूमि/2026-27/1151 दिनांक : 30.06.2026

**प्रसारित नोटिस उजरदारी**

श्रीमती अमृती देवी पत्नी श्री अर्जुन राम जाति सुथार निवासी ग्राम मूलाना तहसील फतेहगढ जिला जैसलमेर द्वारा एक आवेदन-पत्र, विक्रय-पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या डी-467 साईज 25 गुणा 50 फीट कुल 1250 वर्गफीट वाके जवाहरलाल नेहरू आवासीय योजना जैसलमेर जो की श्री राणमल दैया पुत्र श्री तुलसीदास जाति दैया निवासी दर्जी पाड़ा, जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र से क्रय किया गया है। उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्रीमती अमृती देवी पत्नी श्री अर्जुन राम जाति सुथार निवासी ग्राम मूलाना तहसील फतेहगढ जिला जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना करवाना चाहती है।

अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।

**आयुक्त-नगर परिषद, जैसलमेर**

**कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर (राज.) 345001**

क्रमांक/भूमि/2026-27/1152 दिनांक : 30.06.2026

**प्रसारित नोटिस उजरदारी**

श्री नरपत अर्जुन मिस्त्री पुत्र श्री अर्जुनराम मिस्त्री जाति सुथार निवासी सर्वे नं. 75, वडंर सिटी बिल्डिंग, फ्लेट नं. 1002 कात्रज देहू रोड, कात्रज जिला पुणे महाराष्ट्र द्वारा एक आवेदन-पत्र, विक्रय-पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या डी-350 साईज 30 गुणा 60 फीट कुल 1800 वर्गफीट वाके जवाहरलाल नेहरू आवासीय योजना जैसलमेर जो कि श्री सुरेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र श्री शैतान सिंह भाटी जाति राजपुत निवासी 445, भोम जी का बास, बड़ोडा गांव जिला जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र से क्रय किया गया है। उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री नरपत अर्जुन मिस्त्री पुत्र श्री अर्जुनराम मिस्त्री जाति सुथार निवासी सर्वे नं. 75, वडंर सिटी बिल्डिंग, फ्लेट नं. 1002 कात्रज देहू रोड, कात्रज जिला पुणे महाराष्ट्र द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना करवाना चाहते हैं।

अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।

**आयुक्त-नगर परिषद, जैसलमेर**

**कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर (राज.) 345001**

क्रमांक/भूमि/2026-27/1158 दिनांक : 30.06.2026

**प्रसारित नोटिस उजरदारी**

श्री दलवीर सिंह पुत्र श्री पदम सिंह जाति राजपूत निवासी गांव पोस्ट खुहड़ी, तहसील व जिला जैसलमेर द्वारा एक आवेदन-पत्र, विक्रय-पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या 01 साईज 30 गुणा 60 कुल 1800 वर्गफीट वाके गफूर भट्टा आवासीय योजना जैसलमेर जो की श्री जयप्रकाश आचार्य पुत्र श्री जेठमल आचार्य जाति ब्राह्मण निवासी आचार्य चौक, जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र से क्रय किया गया है। उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री दलवीर सिंह पुत्र श्री पदम सिंह जाति राजपूत निवासी गांव पोस्ट खुहड़ी, तहसील व जिला जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना करवाना चाहते हैं।

अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।

**आयुक्त-नगर परिषद, जैसलमेर**

**कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर (राज.) 345001**

क्रमांक/भूमि/2026-27/1134 दिनांक : 30.06.2026

**प्रसारित नोटिस उजरदारी**

श्री दलवीर सिंह पुत्र श्री पदम सिंह जाति राजपूत निवासी गांव पोस्ट खुहड़ी, तहसील व जिला जैसलमेर द्वारा एक आवेदन-पत्र, विक्रय-पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या 03 साईज 30 गुणा 60 कुल 1800 वर्गफीट वाके गफूर भट्टा आवासीय योजना जैसलमेर जो की श्रीमती श्यामा आचार्य पत्नी श्री जयप्रकाश आचार्य जाति ब्राह्मण निवासी आचार्य चौक, जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र से क्रय किया गया है। उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री दलवीर सिंह पुत्र श्री पदम सिंह जाति राजपूत निवासी गांव पोस्ट खुहड़ी, तहसील व जिला जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।

**आयुक्त-नगर परिषद, जैसलमेर**

**कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर (राज.) 345001**

क्रमांक/भूमि/2026-27/1135 दिनांक : 30.06.2026

**प्रसारित नोटिस उजरदारी**

श्री दलवीर सिंह पुत्र श्री पदम सिंह जाति राजपूत निवासी गांव पोस्ट खुहड़ी, तहसील व जिला जैसलमेर द्वारा एक आवेदन-पत्र, विक्रय-पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या 02 साईज 30 गुणा 60 कुल 1800 वर्गफीट वाके गफूर भट्टा आवासीय योजना जैसलमेर जो की श्रीमती श्यामा आचार्य पत्नी श्री जयप्रकाश आचार्य जाति ब्राह्मण निवासी आचार्य चौक, जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र से क्रय किया गया है। उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री दलवीर सिंह पुत्र श्री पदम सिंह जाति राजपूत निवासी गांव पोस्ट खुहड़ी, तहसील व जिला जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना करवाना चाहते हैं।

अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।

**आयुक्त-नगर परिषद, जैसलमेर**

**कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर (राज.) 345001**

क्रमांक/नपजै/कच्ची बस्ती/2026-27/595 दिनांक : 01.07.2026

**प्रसारित नोटिस उजरदारी**

श्री फकीरे खां पुत्र श्री मठार खान जाति मुसलमान निवासी केशुओं की बस्ती, सम, जैसलमेर राज. द्वारा एक आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि भूखण्ड संख्या बी-49 साईज 20 गुणा 45 कुल 900 वर्गफीट वाके बबर मगरा कच्ची बस्ती, जैसलमेर श्रीमती ज्ञानी देवी-पत्नी श्री देवराज एवं श्री जितेन्द्र कुमार पुत्र श्री देवराज जाति मोची निवासी बबरमगरा कच्ची जैसलमेर जरिए सेलडीड से प्राप्त किया है। उक्त भूखण्ड श्री फकीरे खां पुत्र श्री मठार खान जाति मुसलमान निवासी केशुओं की बस्ती, सम, जैसलमेर राज. द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहता है।

अत: इस संबंध में किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करें अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नीहं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।

**आयुक्त-नगर परिषद, जैसलमेर**


## संयुक्त प्रवेश परीक्षा एमएमयूईटी (जी) 2026 कल

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मारवाड़ चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बन्धित महाविद्यालयों के विभिन्न संकायों के स्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा तीन जुलाई को दो पारियों में आयोजित की जाएगी। संयुक्त प्रवेश परीक्षा एमएमयूईटी (जी) 2026 का आयोजन, जोधपुर, जयपुर, बीकानेर, अजमेर व उदयपुर शहरों में होगा।

मारवाड़ चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. एमके आसेरी ने बताया कि मारवाड़ चिकित्सा विश्वविद्यालय (एमएमयू) जोधपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अधिसूचना जारी करके ऑनलाइन आवेदन 21 मई से 14 जून तक आमंत्रित किए गए थे। उक्त प्रवेश परीक्षा तीन जुलाई को जयपुर, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर एवं बीकानेर नगरों में स्थित निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर कंप्यूटर आधारित परीक्षा के माध्यम से दो पारियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पारी का समय प्रात: 9 से 11 बजे तक तथा द्वितीय पारी का समय दोपहर 1.30 से 3.30 बजे तक निर्धारित किया गया है।

परीक्षा गेट परीक्षा प्रारम्भ होने से आधे घण्टे पूर्व बन्द हो जाएगा। इस प्रवेश परीक्षा के माध्यम से बीएससी नर्सिंग, बी. फार्मेसी, डी. फार्मेसी एवं एलाइड हेल्थ साइंसेज के विभिन्न पाठ्यक्रमों बीपीटी, बीएमआरआईटी, बीएमएलएस एव बी. ऑप्टोमेट्री में प्रवेश दिया जाएगा। विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है।

## धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग

### कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एमडी चोपदार के निर्देशानुसार जोधपुर शहर जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने बाड़मेर, जैसलमेर एवं बीकानेर के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित धार्मिक स्थलों की सुरक्षा एवं प्रशासनिक कार्रवाई में संवैधानिक प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मोहम्मद फिरोज फेम ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित कुछ मंदिरों, मस्जिदों एवं अन्य धार्मिक स्थलों को हटाया जा रहा है। इस कार्रवाई से स्थानीय नागरिकों एवं संबंधित समुदायों में चिंता का माहौल है। इस अवसर पर जोधपुर से जिला कांग्रेस कमेटी जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओमकार वर्मा, पूर्व विधायक मनीषा पंवार, पूर्व महापौर कुंती परिहार, पूर्व जिला अध्यक्ष सलीम खान व ब्लॉक अध्यक्ष अख्तर खान सिंधी ने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। ज्ञापन का उद्देश्य किसी भी प्रकार का विरोध करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि धार्मिक स्थलों से संबंधित किसी भी प्रशासनिक कार्रवाई को संविधान, कानून एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से किया जाए, जिससे सभी समुदायों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान बना रहे। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश महासचिव नवाब खान, प्रदेश संयुक्त सचिव साजिद जोधाणा, पूर्व उपमहापौर गनी फौजदार, भंवरलाल सियोल, कानाराम भाटी, शबनम अब्बासी, अभिजीत गांधी, अकबर मंसूरी, मोहम्मद उमर, पूर्व पार्षद अब्दुल जावेद, अरशद चौहान, घेवर जांगिड़, जगदीश प्रसाद, कौशल्या अग्रवाल सहित कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जैविक गोवर्धन योजना से कृषक को मिला आर्थिक संबल

### विद्युत समस्या के त्वरित समाधान से ग्रामीणों को मिली राहत



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2026 ग्रामीण क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने एवं आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों के दौरान किसानों एवं ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। पंचायत समिति सेखाला की ग्राम पंचायत बावड़ी में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान कृषि विभाग द्वारा जागरूक कृषक शिवलाल राम को जैविक गोवर्धन योजना के अंतर्गत 10 हजार रुपए की अनुदान राशि स्वीकृत कर लाभान्वित किया गया। लाभार्थी ने योजना का लाभ मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार एवं कृषि विभाग का आभार व्यक्त किया। वहीं पंचायत समिति शेरगढ़ की ग्राम पंचायत देवराजगढ़ में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान पदमगढ़ निवासी प्रार्थी खेताराम ने एलटी लाइन के विद्युत पोल टूटने की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होते ही विद्युत विभाग के नोडल अधिकारी लेखराज मीणा एवं तकनीशियन मनीष ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा तत्काल नया विद्युत पोल स्थापित कर बिजली आपूर्ति सुचारु करवाई।

**आज यहां लगेंगे ग्राम सेवा शिविर-** जन कल्याण शिविरों के अन्तर्गत ग्रामीण सेवा शिविर-2026 का आयोजन 12 जून से 15 जुलाई तक प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों का समय प्रात: 9.30 बजे से सांय 6 बजे तक रहेगा। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने बताया कि दो जुलाई को पंचायत समिति बालेसर की ग्राम पंचायत जुडिया देवनगर में पंचायत समिति शेरगढ़ की ग्राम पंचायत पुंगलिया भोमसागर में तथा पंचायत समिति सेखाला की ग्राम पंचायत लवारन में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही पंचायत समिति चामू की ग्राम पंचायत नाथड़ाउ में पंचायत समिति लूणी की ग्राम पंचायत नन्दवान में पंचायत समिति धवा की ग्राम पंचायत फींच में, पंचायत समिति बिलाड़ा की ग्राम पंचायत बरना में पंचायत समिति केरू की ग्राम पंचायत नारवा में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा पंचायत समिति मण्डोर की ग्राम पंचायत जाजीवाल खिचियान में, पंचायत समिति ओंसिया की ग्राम पंचायत पडिंत जी ढाणी, बरसालू कलां में पंचायत समिति तिंवरी की ग्राम पंचायत रामनगर (सिन्धियों की ढाणी) में पंचायत समिति बावड़ी की ग्राम पंचायत बिराई में, पंचायत समिति भोपालगढ़ की ग्राम पंचायत हिंगोली, सुरपुरा खुर्द में एवं पंचायत समिति पीपाड़ शहर की ग्राम पंचायत खवासपुरा में ग्रामीण सेवा शिविर में आयोजन किया जाएगा।



## प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियां तेज, जोधपुर में रूकेंगे बीस मिनट

### नए एयरपोर्ट टर्मिनल का करेंगे लोकार्पण, बाद में जाएंगे पचपदरा


**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चार जुलाई के जोधपुर दौरे की तैयारियां तेज हो गई है। जोधपुर दौरे के दौरान उनका 15 से 20 मिनट का अल्प प्रवास हो सकता है। इस दौरान वे नए हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे और इसके बाद बालोतरा जिले के पचपदरा के लिए रवाना होंगे। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री के दौरे का कार्यक्रम फिलहाल अंतिम रूप से तय नहीं हुआ है, लेकिन सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। एसपीजी के कमांडो पहले ही जोधपुर पहुंच चुके हैं। एसपीजी, प्रशासनिक अधिकारी, एयरपोर्ट अथॉरिटी और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त रूप से सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की है। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले जोधपुर पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री नए हवाई अड्डे का उद्घाटन करने के बाद बालोतरा जिले के पचपदरा में रिफाइनरी का लोकार्पण करेंगे। वह चार जुलाई को सुबह 10.30 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उनकी अगवानी करेंगे।

सुबह 10.45 बजे नए सिविल एयरपोर्ट टर्मिनल के लोकार्पण के साथ पीएम उड़ान योजना के दूसरे चरण का भी शुभारंभ करेंगे। करीब 20 मिनट तक टर्मिनल में रुकेंगे। इस दौरान मोदी दो मिनट का वीडियो प्रजेंटेशन भी देखेंगे। फिर हेलीकॉप्टर से पचपदरा रवाना होंगे। पचपदरा पहुंचकर रिफाइनरी का लोकार्पण करेंगे। पीएम मोदी रिफाइनरी का निरीक्षण भी करेंगे। करीब दो घंटे पचपदरा प्रवास के बाद दोपहर में दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# जलदाय विभाग में चालीस वर्ष की सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हुए विश्नोई को भावभीनी विदाई दी गई

**पीपाड़ शहर (हुक्मनामा समाचार)।** समीपवर्ती नेणो की ढाणी चिरढाणी निवासी पुखराज पुत्र जालाराम नैण विश्नोई के जलदाय विभाग में 40 वर्ष की गौरवमय सेवा देने के बाद सेवानिवृत होने पर जलदाय विभाग कार्यालय पीपाड़ शहर में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा समारोह पूर्वक भावभीनी विदाई दी गई।

इस दौरान विभाग के अधिकारियों ने कर्मचारी नैण द्वारा विभाग में पूर्ण ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ सेवाएं देने के साथ ग्रामीणों का दिल भी जीता है। वहीं जलदाय विभाग कार्यालय से विदाई पश्चात वाहनों के काफिले के साथ कर्मचारी नैण के सिलारी गांव स्थित शिव मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन कर नैण का साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया साथही स्मृति स्वरूप उपहार भी भेंट किए गए हैं तथा गांव के ग्रामीणों ने भी कर्मचारी नैण की सेवाओं की प्रशंसा की गई है।अंत में काफिले के साथ कर्मचारी नैण के निवास स्थल पहूचने पर सर्व प्रथम कर्मचारी नैण के शहिद पुत्र दिलखुश विश्नोई के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई है। इस अवसर पर राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान से नवाजे गए शिक्षाविद लादूराम धायल भाकरराम विश्नोई श्रीराम महिराम रतनाराम बलदेव राम विश्नोई हनुमानराम नैण ठेकेदार हनुमान सिंह धायल अधिवक्ता वृक्ष बंधू महेंद्रसिंह विश्नोई बृजवल्लभ दाधिच युवा समाजसेवी राजेश धायल सहित गणमान्य नागरिक व भारी संख्या में ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे। अंत में कर्मचारी नैण द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया है।



## कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ की पहली जिला स्तरीय बैठक संपन्न, जन स्वास्थ्य हेल्पलाइन जारी



**फलौदी (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कांग्रेस कमेटी के चिकित्सा प्रकोष्ठ की प्रथम जिला स्तरीय बैठक बुधवार को नई सड़क स्थित जोशी डेंटल क्लिनिक में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. नवल किशोर जोशी ने की। मुख्य अतिथि लोहावट के किसना राम, फलौदी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी प्रकाश छंगानी तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष सलीम नागोरी उपस्थित रहे। बैठक में चिकित्सा प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। वक्ताओं ने जिले की चिकित्सा व्यवस्था, चिकित्सकों की कमी, आरजीएचएस व सीजीएचएस की विसंगतियों तथा नीट पेपर लीक जैसे मुद्दों पर राज्य एवं केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सलीम नागोरी ने संगठन के पदाधिकारियों से पार्टी के निर्देशानुसार अनुशासित एवं संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया। पूर्व मंडी अध्यक्ष कीर्ति सिंह भील ने संगठन के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. नवल किशोर जोशी ने आमजन की सुविधा के लिए जन स्वास्थ्य चिकित्सा प्रकोष्ठ हेल्पलाइन नंबर जारी करने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन वल्लभ लखेश्री एवं सतीश विश्नोई ने किया। बैठक में डॉ. अशोक सारण, डॉ. सुमित्रा विश्नोई, डॉ. शिवम दवे, डॉ. जुबेर अली, हाजी उमरदीन, मोहन मेघवाल, शीशपाल विश्नोई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीआईडी राजस्थान की बड़ी कार्रवाई पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का फंडिंग एजेंट गिरफ्तार

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान पुलिस की सीआईडी (इंटेलिजेंस) शाखा ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए फंडिंग नेटवर्क संचालित करने वाले एक एजेंट को गिरफ्तार कर देश विरोधी गतिविधियों के एक महत्वपूर्ण नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। गिरफ्तार आरोपी जासूसी गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों तक आईएसआई की ओर से धनराशि पहुंचाने का काम करता था। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस इंटेलिजेंस, प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि सीआईडी (इंटेलिजेंस) राजस्थान द्वारा गत जनवरी माह में शासकीय गुप्त बात अधिनियम, 1923 के तहत दर्ज प्रकरण में जैसलमेर निवासी झबरा राम तथा असम के डिब्रूगढ़ एयरफोर्स स्टेशन पर एमटीएस पद पर कार्यरत सुमित कुमार को भारतीय सेना से संबंधित गोपनीय सूचनाएं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के हैंडलरों तक पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। मामले की गहन जांच के दौरान सामने आया कि दोनों आरोपियों को आईएसआई की ओर से जासूसी के बदले धनराशि महाराष्ट्र के औरंगाबाद निवासी रफीक चांद शेख पुत्र चांद मियां शेख (41) निवासी हरसुल जिला औरंगाबाद (महाराष्ट्र) के माध्यम से भेजी गई थी। अनुसंधान को आगे बढ़ाते हुए सीआईडी (इंटेलिजेंस) ने रफीक चांद शेख से पूछताछ की, जिसमें खुलासा हुआ कि वह पिछले लगभग चार वर्षों से आईएसआई के एक हैंडलर के संपर्क में था। सोशल मीडिया के माध्यम से जुड़े इस नेटवर्क के निर्देश पर उसने अपने नाम तथा अन्य व्यक्तियों के नाम से अलग-अलग बैंक खाते खुलवाकर जासूसी गतिविधियों में शामिल लोगों तक धनराशि पहुंचाई। जांच में यह प्रमाणित होने पर कि रफीक चांद शेख पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के फंडिंग एजेंट के रूप में कार्य कर रहा था, सीआईडी (इंटेलिजेंस) राजस्थान ने बीते 30 जून को उसे गिरफ्तार कर लिया। सीआईडी (इंटेलिजेंस) के अनुसार प्रकरण में अनुसंधान जारी है तथा आईएसआई के इस वित्तीय नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों एवं लेन-देन की भी गहन जांच की जा रही है। राजस्थान पुलिस देश की सुरक्षा के विरुद्ध कार्य करने वाले तत्वों के खिलाफ सतत निगरानी रखते हुए ऐसी गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई जारी रखे हुए है।

## भील बस्ती की 4 असहाय महिलाओं को मिला मालिकाना हक, वर्षों का इंतजार खत्म

**जैसलमेर (हुक्मनामा समाचार)।** शहरी सेवा शिविर 2026 के तहत वार्ड नंबर 08 की भील व हरिजन बस्ती की चार असहाय महिलाओं—लाछो देवी, राजू देवी, धाफु देवी और बुद्धी देवी को मौके पर ही मकान के पट्टे वितरित किए गए। एक ही मोहल्ले की चार महिलाओं को एक साथ मालिकाना हक मिलने से पूरी बस्ती में उत्सव का माहौल है। अधिशाषी अधिकारी झब्बर सिंह के कुशल नेतृत्व, संवेदनशीलता और पालिका टीम के बेहतरीन कार्य विभाजन के कारण यह जटिल प्रक्रिया बिना किसी देरी के पारदर्शी तरीके से पूरी हुई। राहत मिलने पर लाभार्थी महिलाओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और स्थानीय विधायक प्रतापपुरी महाराज का आभार व्यक्त किया।

## अनुदान राशि से वंचित उस्तरा के किसानों ने लगाई एसडीएम जांगिड़ से गुहार



**भोपालगढ (हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम पंचायत उस्तरा के किसानों ने खरीफ 2024-25 में अतिवृष्टि से खराब हुई फसलों की अनुदान राशि से वंचित किसानों को शीघ्र भुगतान दिलाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी गोपाल जांगिड़ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने बताया कि अतिवृष्टि के कारण उनकी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई थीं। नुकसान के आकलन के बाद राज्य सरकार ने प्रभावित किसानों के लिए अनुदान राशि स्वीकृत की, लेकिन ग्राम पंचायत उस्तरा के कुछ किसानों के खातों में अब तक राशि जमा नहीं हुई है। किसानों का कहना है कि उनके नाम से करीब 17 हजार रुपये की अनुदान राशि स्वीकृत होने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया है। किसानों ने प्रशासन से मामले की जांच कर वंचित किसानों के खातों में जल्द से जल्द अनुदान राशि जमा कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट से जूझ रहे किसानों के लिए यह राशि राहत का बड़ा सहारा है। इस दौरान शक्तिसिंह उस्तरा, दिलीप सिंह रावणा राजपूत, कालूराम मेघवाल, सुरेंद्र सिंह, रामनिवास मेघवाल, लक्ष्मण सिंह सहित ग्राम पंचायत उस्तरा के कई किसान मौजूद रहे।

## मालिकाना हक मिलने से 5 परिवारों के सपनों को लगे पंख: जिला कलक्टर ने सौंपे पट्टे

**जैसलमेर (हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम पंचायत उंडा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर वर्षों से अपने घर के पट्टे का इंतजार कर रहे ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हुआ। शिविर में विकास अधिकारी केवाराम के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने दस्तावेजों की मौके पर जांच कर औपचारिकताएं पूरी कीं। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर अनुपमा जोरवाल ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अपने हाथों से 5 पात्र परिवारों को आवासीय भूखंडों के पट्टे वितरित किए। मालिकाना हक मिलने पर लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### सफलता की कहानी

# मंगला पशु बीमा योजना बनी पशुपालकों की आर्थिक सुरक्षा का आधार

**बाड़मेर (हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम पंचायत गोहड़ का तला में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर ने एक साधारण पशुपालक परिवार को भविष्य की बड़ी चिंता से मुक्त कर आर्थिक सुरक्षा का भरोसा दिया। शिविर के दौरान हाजरी देवी पत्नी जवाराराम को मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत उनकी 10 बकरियों का बीमा करवाकर बीमा पॉलिसी प्रदान की गई। हाजरी देवी का परिवार मुख्य रूप से बकरी पालन पर निर्भर है। सीमित आय के कारण पशुधन ही उनके परिवार की आजीविका का प्रमुख साधन है। ऐसे में किसी बीमारी, दुर्घटना अथवा प्राकृतिक आपदा से पशुधन की हानि होने पर पूरे परिवार की आर्थिक स्थिति प्रभावित होने की आशंका बनी रहती थी। ग्रामीण सेवा शिविर में अधिकारियों ने मंगला पशु बीमा योजना की जानकारी देकर आवश्यक औपचारिकताएँ पूरी कराईं और मौके पर ही बीमा पॉलिसी उपलब्ध कराई। योजना के माध्यम से अब उनके पशुधन को सुरक्षा कवच मिल गया है, जिससे भविष्य में किसी भी अप्रत्याशित नुकसान की स्थिति में आर्थिक सहायता प्राप्त हो सकेगी। हाजरी देवी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, पहले हमें हमेशा डर रहता था कि यदि हमारी बकरियों को कुछ हो गया तो परिवार की आजीविका संकट में पड़ जाएगी। अब मंगला पशु बीमा योजना से हमें सुरक्षा का भरोसा मिला है। यह योजना छोटे और गरीब पशुपालकों के लिए बहुत बड़ी राहत है। मंगला पशु बीमा योजना राज्य सरकार की जनकल्याणकारी पहल है, जिसका उद्देश्य छोटे एवं कमजोर पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना तथा पशुपालन को अधिक सुरक्षित और सशक्त बनाना है। ग्रामीण सेवा शिविर के माध्यम से इस योजना का लाभ पात्र परिवारों तक पहुँचाकर राज्य सरकार पशुपालकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है।

## 15 ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर ग्रामीण सेवा शिविर आज

**बाड़मेर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान एवं विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करने के लिए गुरुवार को बाड़मेर जिले की 15 ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित होंगे। जबकि बाड़मेर नगर परिषद कार्यालय में वार्ड 25 से 27 के लिए शहरी सेवा शिविर आयोजित होगा। जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल ने बताया कि 2 जुलाई को बाड़मेर पंचायत समिति की रामदेरिया एवं बलाऊ, बाड़मेर ग्रामीण की सरनू पनजी, बाटाडू में हुडो की ढाणी, बायतु की खरटिया, शिव की उन्डू, गडरारोड़ में जेसिंधर गांव एवं पनेला, रामसर में मेकरनवाला, चौहटन में घोनिया एवं ढोक, धनाऊ में सरुपे का तला एवं बांडा बेरा, सेड़वा में सोमारड़ी तथा फागलिया में पांडरवाली ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित होंगे। इसी तरह 3 जुलाई को बाड़मेर पंचायत समिति की बाड़मेर आगोर एवं वांकलपुरा, बाड़मेर ग्रामीण की कुड़ला एवं रामसर का कुंआ, नोखड़ा की कौशले की ढाणी एवं उड़ासर, बायतु की सेवनियाला, शिव की धारवी कला, गडरारोड़ में हरसानी एवं आचारनियो की ढाणी, रामसर में सजन का पार, चौहटन में धारासर एवं हुडो का तला, धनाऊ में भूनिया एवं बुरहान का तला, सेड़वा में बामरला डेर तथा फागलिया में अरटी तथा 4 जुलाई को शिव पंचायत समिति की मुंगेरिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित होंगे।

### सफलता की कहानी

## ग्रामीण सेवा शिविर में 7 पीढ़ियों से चली आ रही संयुक्त खातेदारी का हुआ समाधान

**बाड़मेर (हुक्मनामा समाचार)।** पंचायत सरूपे का तला, तहसील धणाऊ, जिला बाड़मेर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर ने वर्षों से लंबित एक जटिल राजस्व प्रकरण का त्वरित समाधान कर ग्रामीणों को बड़ी राहत प्रदान की। शिविर में खसरा संख्या 124 की लगभग 26.8873 हेक्टेयर भूमि से संबंधित सात पीढ़ियों से चली आ रही संयुक्त खातेदारी का आपसी सहमति से विभाजन कर दिया गया। इस भूमि के खातेदार प्रभुराम पुत्र वीरमाराम, केंकू पत्नी आईदानराम एवं अन्य लंबे समय से संयुक्त खातेदारी के कारण राजस्व कार्य, नामांतरण, कृषि ऋण, फसल बीमा सहित अन्य योजनाओं का पूरा लाभ नहीं ले पा रहे थे। ग्रामीण सेवा शिविर में उन्होंने अपनी समस्या अधिकारियों के समक्ष रखी। शिविर में उपस्थित पटवारी पूराराम, पटवारी अनिल कुमार तथा राजस्व निरीक्षक बाबूलाल ने मौके पर ही आवश्यक अभिलेखों का परीक्षण कर विभाजन प्रस्ताव तैयार किया। इसके बाद तहसीलदार धणाऊ हमीरराम बालात ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रस्ताव को तत्काल स्वीकृत कर दिया तथा खातेदारों को मौके पर ही विभाजन संबंधी दस्तावेज उपलब्ध करा दिए। इस कार्रवाई से सात पीढ़ियों से चली आ रही संयुक्त खातेदारी का अंत हुआ और प्रत्येक खातेदार को अपनी भूमि पर स्वतंत्र अधिकार प्राप्त हो गया। अब वे बिना किसी विवाद के राजस्व संबंधी कार्य कर सकेंगे तथा सरकारी योजनाओं का लाभ भी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। खातेदारों ने वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं।

### ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से ग्रामीणों को किया जा रहा है लाभान्वित

**जालोर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले की ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों में आमजन को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविरों में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, कृषि, चिकित्सा, पंचायतीराज सहित अन्य विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं। ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान कर आवश्यक प्रमाण-पत्र एवं स्वीकृतियां जारी की गईं। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि बुधवार को जिले की आंवलोज, पांचोटा, भालनी, पांथेड़ी, दांतीवास, बासड़ाधनजी, भाटीप, सूंथडी तथा सांकड ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का संबंधित विभागीय अधिकारियों ने मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं की सुनवाई कर त्वरित निस्तारण संबंधित विभाग द्वारा किया जा रहा है। गुरूवार को इन ग्राम पंचायतों में होगा शिविर का आयोजन निर्धारित कार्यक्रमानुसार 2 जुलाई, गुरूवार को जालोर उपखंड की सांफाड़ा, आहोर की आईपुरा, बागोड़ा की बाली, सायला की तिलोड़ा, भीनमाल की नोहरा, जसवंतपुरा की गजापुरा, रानीवाड़ा की सेवाड़ा, चितलवाना की डावल तथा सांचैर उपखंड की बिछावाड़ी ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# होमगार्ड जवानों ने की विधायक बरवड़ से मुलाकात, नियमित ड्यूटी की मांग

**भोपालगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** विधानसभा क्षेत्र के होमगार्ड जवानों ने अपनीं विभिन्न समस्याओं को लेकर के क्षेत्रीय विधायक गीता बरवड़ से मुलाकात की। होमगार्ड जवान राजु चौहान, किशोर खुड़खुडिया, महेंद्र सारण, नेमाराम आदि जवानों ने बताया कि भोपालगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त, यातायात व्यवस्था तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त संख्या में होमगार्ड तैनात करने की मांग की। उन्होंने विधायक महोदया को अवगत कराया कि क्षेत्र में लगातार चोरी, लूट एवं अन्य आपराधिक घटनाओं की आशंका बनी रहती है, ऐसे में रात्रि गश्त एवं ट्रैफिक व्यवस्था के लिए पर्याप्त होमगार्ड की नियुक्ति अत्यंत आवश्यक है। इस पर विधायक गीता बरवाड़ ने तुरंत संज्ञान लेते हुए से दूरभाष पर वार्ता की तथा निर्देश दिए कि भोपालगढ़ विधानसभा क्षेत्र में होमगार्ड जवानों को नियमित रूप से रात्रि गश्त, यातायात व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था संबंधी ड्यूटी पर लगाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य नगर पालिका क्षेत्रों में होमगार्ड जवानों की नियमित ड्यूटी लगाई जा रही है। तो भोपालगढ़ क्षेत्र में भी होमगार्ड जवानों की नियुक्ति की जाए ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकें।



### सफलता की कहानी

## ग्रामीण सेवा शिविर में पलक झपकते ही मिला समाधान पालनहार योजना का लाभ फिर हुआ शुरू

**बाड़मेर (हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम पंचायत गुमाने का तला में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर एक जरूरतमंद परिवार के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आया। ग्राम की निवासी प्रेमी देवी ने शिविर में अपनी समस्या रखते हुए बताया कि पालनहार योजना के अंतर्गत उनके दो बच्चों का सत्र 2026-27 का नवीनीकरण नहीं होने के कारण योजना का भुगतान बंद हो गया था। इससे परिवार को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रकरण की जांच की। आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण कर मौके पर ही पालनहार योजना का नवीनीकरण कराया गया तथा दोनों बच्चों का रुका हुआ भुगतान पुनः प्रारंभ कर दिया गया। समय पर हुई इस त्वरित कार्रवाई से प्रेमी देवी को बड़ी राहत मिली। अब उनके दोनों बच्चों को पालनहार योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त होगा, जिससे उनकी शिक्षा, पोषण और अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में परिवार को आर्थिक सहयोग मिलेगा। प्रेमी देवी ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनकी वर्षों की परेशानी का समाधान इतनी शीघ्र हो जाएगा। ग्रामीण सेवा शिविर की प्रभावी व्यवस्था की सराहना करते हुए राजस्थान सरकार एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## विकसित भारत जी राम जी योजना आज जैसलमेर के रूपसी में होगा जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम

**जैसलमेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में महात्मा गांधी नरेगा के स्थान पर अब 'विकसित भारत-जी राम जी योजना' शुरू की जा रही है। इस योजना के जिला व ब्लॉक स्तरीय जन सम्मेलन सह शुभारंभ कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रश्मि रानी ने कार्यक्रम अधिकारी एवं विकास अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वे 2 जुलाई (गुरुवार) को ग्राम रूपसी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का बेहतरीन और सफल आयोजन सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने की हिदायत देते हुए स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### जिला कलक्टर ने लूणू खुर्द एवं रावतसर में ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण किया

# ग्रामीण सेवा शिविरों में अधिकाधिक आमजन को लाभांवित करवाएं : चिन्मयी गोपाल

**बाड़मेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल ने बुधवार को लूणू खुर्द एवं रावतसर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करने के साथ संबंधित विभागीय कार्मिकों से आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण सेवा शिविरों में अधिकाधिक आमजन को जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करवाएं। उन्होंने कहा कि शिविरों में आने वाले ग्रामीणों के कार्य को त्वरित गति से निष्पादित करते हुए राहत प्रदान करें। ताकि ग्रामीण सेवा शिविरों को सार्थकता साबित हो सके। जिला कलक्टर ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों का उद्देश्य आमजन को स्थानीय स्तर पर सरकारी योजनाओं से लाभांवित करने के साथ उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को संवेदनशीलता से सुनते हुए उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि पात्र लाभार्थियों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिले। उन्होंने आमजन से अधिकाधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का फायदा उठाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज वितरित किए गए।

इस दौरान बाड़मेर उपखंड अधिकारी यशार्थ शेखर, विकास अधिकारी प्रदीप इनाणिया समेत विभिन्न विभागीय अधिकारी, जन प्रतिनिधिगण एवं आमजन उपस्थित रहे।

### जेल से पहुंचे तीनों भाई रहे मौजूद

# डकैत जगन गुर्जर का पुलिस सुरक्षा के बीच हुआ अंतिम संस्कार

**धौलपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** बाड़ी उपखंड क्षेत्र के भवूतीपुरा गांव में बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूर्व दस्यु जगन गुर्जर का अंतिम संस्कार किया गया। दो दिन पहले अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में हुई हत्या के बाद आज सुबह उनका शव पैतृक गांव भवूतीपुरा पहुंचा। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जेल में बंद तीनों भाइयों को पुलिस कस्टडी में लाया गया। पूरे गांव और श्मशान घाट पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। मुखाग्नि बेटे आसाराम ने दी। सुबह करीब साढ़े सात बजे जगन का शव गांव पहुंच गया था। गांव में 9 थानों (सोने का गुर्जा, बाड़ी सदर, बाड़ी कोतवाली, बसई डांग, कंचनपुर, निहालगंज, धौलपुर सदर, राजाखेड़ा, मनिया) की पुलिस तैनात रहीं। एएसपी श्रवण कुमार और सीओ महेंद्र कुमार खुद चप्पे-चप्पे पर नजर रख रहे थे।

जगन गुर्जर का अंतिम संस्कार होने के बाद डकैत पप्पू गुर्जर लाल सिंह और मानसिंह तीनों भाई जेल के लिए रवाना हो गए। डकैत पप्पू गुर्जर को कड़ी सुरक्षा के बीच अजमेर के लिए रवाना किया है। लाल सिंह और पान सिंह को धौलपुर जिला कारागार में भेजा गया। करीब दो दशक तक चंबल की वादियों में खौफ और आतंक का पर्याय रहा डकैत जगन गुर्जर का अध्याय समाप्त हो गया। हालांकि जगन की हत्या के बाद उसके भाई पप्पू गुर्जर और पुत्र आसाराम गुर्जर में भारी रोष



देखा जा रहा है। पप्पू गुर्जर ने कहा भाई जगन गुर्जर की हत्या के पीछे बड़ी साजिश रही है। जिस युवक पर हत्या के आरोप लग रहे हैं, वह जगन के कपड़े साफ करता था। इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। ज्ञात हो कि कुख्यात डकैत जगन गुर्जर की अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में सोमवार को हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप भरतपुर के चर्चित गैंगस्टर कुलदीप जघीना हत्याकांड के आरोपी विष्णु जाट पर लगा है। विष्णु जाट और जगन गुर्जर एक की बैरक में थे। आरोप है कि विष्णु ने तौलिये से जगन गुर्जर का गला घोंटकर मार डाला। चंबल के बीहड़ों और भवुतीपुरा गांव की संवेदनशीलता को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम किए थे। अंतिम संस्कार के दौरान पूरे इलाके में 500 से अधिक पुलिसकर्मियों और आरएसी की विशेष टुकड़ियों को तैनात किया गया था। किसी भी असामाजिक तत्व या संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखने के लिए पूरे श्मशान घाट और चंबल किनारे के बीहड़ी रास्तों की ड्रोन कैमरों के जरिए एरियल निगरानी की जा रही थी।

## भाई पप्पू गुर्जर को अंतिम संस्कार के लिए मिली पैरोल

जगन गुर्जर के परिवार की एक मुख्य मांग यह भी थी कि जेल में बंद उसके भाई पप्पू गुर्जर को अंतिम विदाई में शामिल होने का मौका दिया जाए। प्रशासन ने इस मांग को स्वीकार करते हुए पप्पू गुर्जर को विशेष पैरोल मंजूर की। पप्पू गुर्जर को कड़ी पुलिस कस्टडी के बीच उसके पैतृक गांव भवुतीपुरा लाया गया ताकि वह अपने भाई जगन गुर्जर के अंतिम संस्कार की रस्मों में शामिल हो सके। इस दौरान गांव में सुरक्षा व्यवस्था बेहद चाक-चौबंद रखी गई है। मृतक जगन गुर्जर का सभी परिजनों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया। विशेष तौर से अलग-अलग जेलों में बंद जगन के तीन भाई भी अंतिम संस्कार में मौजूद रहे। बता दें कि एक भाई पप्पू गुर्जर अजमेर जेल से धौलपुर, पजबकि दो अन्य भाई धौलपुर जेल से पहुंच।

### भारत के डिजिटल भविष्य के निर्माण में राजस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका

# स्टार्टअप प्रोत्साहन के लिए सरकारी खरीद प्रक्रिया में अनुभव तथा न्यूनतम टर्नओवर बाधाएं समाप्त : भजनलाल

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत - विकसित राजस्थान 2047 के विजन को साकार करने के लिए राज्य में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। ई-गवर्नेंस के माध्यम से नागरिक केंद्रित सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ी है, त्वरित सेवाओं से समय और लागत की बचत हो रही है। साथ ही, बेहतर रिकॉर्ड प्रबंधन और नीतिगत निर्णयों में मदद भी मिल रही है।

मुख्यमंत्री बुधवार को आरआईसी में 29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन के बाद राउण्ड टेबल वार्ता में उद्योग प्रतिनिधियों से संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्थान केवल पर्यटन और विरासत का ही प्रदेश नहीं, बल्कि भारत के डिजिटल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला राज्य बन रहा है। यहां 100 से अधिक विश्वविद्यालय, लगभग 4 हजार कॉलेज हैं। प्रतिवर्ष ढाई लाख से अधिक युवा कॉलेज की पढ़ाई पूरी कर रोजगार के लिए तैयार होते हैं, ये हमारी सबसे बड़ी




ताकत हैं। उन्होंने कहा कि आईस्टार्ट के माध्यम से प्रदेश में 8 हजार 700 से अधिक स्टार्टअप विकसित हुए हैं। जिनमें एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ है तथा 48 हजार से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। हमारा उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता से जोड़कर वैश्विक अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि एआई एक्सीलेंस सेंटर के माध्यम से उद्योग, स्टार्टअप, शिक्षण संस्थान तथा सरकार के बीच नवाचार आधारित साझेदारी को मजबूत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसटीटी जीडीसी जैसी वैश्विक कंपनी ने जयपुर में एआई रेडी डेटा सेंटर स्थापित किया है। इसके साथ ही अनेक अग्रणी कंपनियां राजस्थान में निवेश कर रही हैं। राज्य को डेटा सेंटर क्षेत्र में 43 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें एसटीटी जीडीसी, एचजी एकाया, नायो बोल्ट तथा ज्टूडियम जैसी कंपनियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बिजली, भूमि उपलब्धता, सिंगल विंडो क्लियरेंस तथा उद्योग-अनुकूल नीतियों के माध्यम से राजस्थान को भारत का पसंदीदा एआई एवं डेटा सेंटर निवेश गंतव्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राजस्थान एआई, डेटा सेंटर, जीसीसी, ड्रोन तथा जियो स्पेशियल क्षेत्रों में देश की सबसे प्रगतिशील नीतियों पर कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रीन एनर्जी की उपलब्धता, कम परिचालन लागत तथा पारदर्शी एवं उद्योग-अनुकूल प्रशासन हमारी प्रमुख प्रतिस्पर्धात्मक शक्तियां हैं।

उन्होंने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे राजस्थान को केवल निवेश का केंद्र नहीं, बल्कि अनुसंधान, नवाचार, रोजगार सृजन और भविष्य की तकनीकों के विकास का साझेदार बनाएं। मुख्यमंत्री को राउण्ड टेबल वार्ता में उद्योग प्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों ने एआई, डेटा सेंटर, क्लाउड, क्वांटम कम्प्यूटिंग, सेमीकंडक्टर तथा स्टार्टअप इको सिस्टम से जुड़े सुझाव प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, शासन सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार रवि कुमार सुरपुर, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के उच्चाधिकारी सहित टेक कंपनियों के उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## शासन सचिव, वित्त (राजस्व) ने किया राजस्थान संपर्क पोर्टल (181) का निरीक्षण

**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा आमजन को त्वरित राहत प्रदान करने और लोक सेवाओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ अंतिम छोर तक पहुँचाने के संकल्प के तहत शासन सचिव,वित्त (राजस्व) विभाग श्री कुमार पाल गौतम ने राजस्थान संपर्क पोर्टल (181) का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर शासन सचिव ने आबकारी, पंजीयन एवं मुद्रांक तथा वाणिज्यिक कर विभाग से जुड़े मामलों की समीक्षा की और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कुमार पाल गौतम ने राजस्थान संपर्क को सरकार तथा आमजन के बीच की कड़ी बताते हुए इसे एक सकारात्मक सुधार के अवसर के रूप में लेते हुए निर्देश दिए कि '181 पोर्टल' केवल शिकायत सुनने भर का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आमजन के चेहरे पर मुस्कान लाने का जरिया है।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयन्ती समारोह

## मुख्य सचिव ने की 'प्रेरणा पखवाड़ा' के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूआत



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बुधवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयन्ती समारोह के उपलक्ष्य में 1 जुलाई से आरंभ हुए 'प्रेरणा पखवाड़ा' के अंतर्गत राजस्थान विश्वविद्यालय के कन्वोकेशन सेंटर परिसर में किये वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में वी. श्रीनिवास ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा राष्ट्र निर्माण में दिए गये योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके 'एक राष्ट्र- एक विधान' सिद्धांत तथा इस हेतु किये गये संघर्ष से अवगत कराया। मुख्य सचिव द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों को वृक्षारोपण तथा वृक्षों के संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। शान्ति एवं अहिंसा निदेशालय के निदेशक अजय असवाल ने बताया कि 1 जुलाई के वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य सचिव महोदय की सिंगल कमांड पर लगभग 350 पौधे एक साथ लगाये गये। पूरे पखवाड़े चलने वाले विभागीय आयोजनों में आधुनिक भारत के शिल्पी, दूरदर्शी राष्ट्रवादी, शिक्षाविद, भारत की औद्योगिक और संस्थागत नींव को आकार देने वाले तथा एकीकृत भारत के पुरोधा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विरासत को वर्तमान पीढ़ी तक पहुँचाया जायेगा।

## विद्यार्थियों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए एसीएस ने दिए निर्देश

**जयपुर।** प्रारम्भिक शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री राजेश कुमार यादव ने बुधवार को शासन सचिवालय में राज्यभर के सरकारी विद्यालयों की सुरक्षा, आधारभूत सुविधाओं, नामांकन, पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता तथा जर्जर विद्यालय भवनों की स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की। अतिरिक्त मुख्य सचिव यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालय खुल चुके हैं। ऐसे में प्रत्येक जिले में जर्जर एवं असुरक्षित विद्यालय भवनों का पुन: सर्वे कराया जाए तथा विद्यार्थियों के बैठने की सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यदि किसी विद्यालय भवन में सुरक्षा संबंधी समस्या हो तो तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। जिस भवन में विद्यार्थियों को स्थानांतरित किया जाए, उसकी भी तकनीकी जांच कर सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आवश्यकता होने पर निकटवर्ती राजकीय विद्यालय अथवा अन्य सुरक्षित भवन का उपयोग किया जाए। यदि विद्यार्थियों को दूसरे विद्यालय में भेजना पड़े तो उनके लिए सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था की जाए, जिसका व्यय राज्य सरकार वहन करेगी।

### मुख्य सचिव ने सड़क सुरक्षा को लेकर हितधारक विभागों के साथ ली समीक्षा बैठक

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जवाबदेह होकर करें कार्य : मुख्य सचिव

**जयपुर, ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में बुधवार को शासन सचिवालय में आयोजित राज्य स्तरीय बैठक में सड़क सुरक्षा परिदृश्य तथा हितधारक विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, दुर्घटनाओं के कारणों का वैज्ञानिक विश्लेषण करने तथा विभिन्न विभागों के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित कर परिणामोन्मुखी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सड़क सुरक्षा समिति उच्च स्तरीय समिति है। इसकी नियमित बैठकें होना अत्यंत आवश्यक है। इन बैठकों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में नीति स्तर पर प्रभावी निर्णय लिए जाएं तथा उनके परिणाम धरातल पर परिलक्षित हों। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को केवल आंकड़ों तक सीमित न रखकर प्रत्येक दुर्घटना का विश्लेषण कर जवाबदेही तय की




जानी चाहिए। मुख्य सचिव ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर दौसा जिले में हुई बस दुर्घटना का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि दुर्घटना के कारणों की सभी पहलुओं से जांच की जाए । उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को दुर्घटना की विस्तृत समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिला कलक्टर द्वारा गठित संयुक्त जांच दल दुर्घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच करेगा। जांच में बस में आग लगने के कारण, दुर्घटना के बाद राहत एवं बचाव कार्य, घायलों को अस्पताल पहुंचाने में एम्बुलेंस की उपलब्धता, पुलिस, अग्निशमन एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं के रिस्पॉन्स टाइम सहित प्रत्येक बिंदु का परीक्षण किया जाए।

**आपातकालीन प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश-**

मुख्य सचिव ने कहा कि किसी भी सड़क दुर्घटना की स्थिति में एम्बुलेंस, पुलिस, अग्निशमन एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि दुर्घटना के बाद इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम की प्रभावशीलता का नियमित मूल्यांकन किया जाए तथा प्रत्येक दुर्घटना के उपरांत विस्तृत विश्लेषणात्मक रिपोर्ट तैयार की जाए।




# शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने ऑनलाइन विशेष जनसुनवाई में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को शासन सचिवालय स्थित पंचायती राज सभागार से प्रदेश की छह ग्राम पंचायतों में ऑनलाइन विशेष जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा अधिकारियों को संवेदनशीलता और तत्परता के साथ उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पंचायती राज विभाग के राज्य मंत्री श्री ओटाराम देवासी भी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए




मंत्री दिलावर ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाई जाए। विशेष जनसुनवाई में कुल 121 परिवाद प्राप्त हुए। इनमें कोटा जिले की असकली ग्राम पंचायत से 13, अजमेर जिले की सांपला से 10, उदयपुर जिले की ओबराकला से 16, झालावाड़ जिले की कोटड़ी से 40, सीकर जिले की हथौरा ग्राम पंचायत से 27 तथा जालौर जिले की बांदनवाडी ग्राम पंचायत से 15 परिवाद शामिल रहे। झालावाड़ जिले की कोटड़ी ग्राम पंचायत से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिलने संबंधी 7 परिवाद प्राप्त हुए। इस पर मंत्री दिलावर ने जिला कलक्टर से दूरभाष पर चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए सभी लंबित भुगतान शीघ्र कराने के निर्देश दिए। इसी ग्राम पंचायत की भगत बहन की पिछले छह माह से रुकी वृद्धावस्था पेंशन का मामला भी जनसुनवाई में सामने आया। मंत्री के निर्देश पर परिवादी का वार्षिक सत्यापन एवं आय घोषणा पत्र तैयार कर मौके पर ही पेंशन पुनः प्रारंभ कराई गई।